सुविचार

हम चीजो को उस तरह से नही देखते जिस तरह से वे है बल्कि हम चीजो को उस तरह से देखते है जिस तरह के हम है।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सिताारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com


हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 228 पेजः 8 मूल्य 01 रु. | जयपुर, शुक्रवार 10 मार्च, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

# पंचतत्व में विलीन हुए सतीश कौशिक

गरीबों का सिताारा

**मुंबई।** अभिनेता और डायरेक्टर सतीश कौशिक का बुधवार रात 1:30 बजे दिल्ली में निधन हो गया। वे 66 साल के थे। वे दिल्ली में होली के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसका वीडियो भी सामने आया है। अचानक मौत को देखते हुए दिल्ली के दीनदयाल अस्पताल में उनके शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट बताई गई। कुछ देर पहले उनकी पार्थिव देह मुंबई स्थित उनके घर लाई गई थी। जहां से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई थी। वसोर्वा के श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार हो चुका है। सतीश कौशिक के भतीजे निशांत कौशिक ने दैनिक भास्कर को बताया था कि उनका निधन हार्ट अटैक से हुआ। दिल्ली में फैमिली फंक्शन में शामिल होने के बाद रात में उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। परिवार उन्हें अस्पताल ले गया था, जहां उन्हें डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए बॉलीवुड सेलेब्स उनके घर पहुंचे। जावेद अख्तर, अनुपम खेर, राज बब्बर, रणबीर कपूर, फरहान अख्तर, अभिषेक बच्चन, ईला अरूण सहित कई सेलेब्स सतीश कौशिक की अंतिम यात्रा में शामिल हुए।




### अंतिम यात्रा में शव के पास बैठे रोते रहे अनुपम खेर

### दो दिन पहले होली पार्टी में फिट नजर आए थे

7 मार्च को जावेद अख्तर की तरफ से जानकी कुटीर जुहू में आयोजित की गई होली पार्टी में सतीश कौशिक शामिल हुए थे। उन्होंने इस सेलिब्रेशन के फोटोज ट्वीट किए थे, जिसमें वे फिट नजर आए थे। उन्होंने लिखा था- जावेद अख्तर, शबाना आजमी, बाबा आजमी, तन्वी आजमी की तरफ से रखी गई पार्टी में रंगबिरंगी खुशनुमा होली का मजा उठाया। न्यूली वेड खूबसूरत कपल अली फजल और रिचा चड्ढा से मिला। सभी को होली की शुभकामनाएं।

### हरियाणा में जन्मे थे सतीश, दिल्ली से स्कूली पढ़ाई की

सतीश कौशिक का जन्म 13 अप्रैल 1956 को हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुआ था। स्कूली पढ़ाई दिल्ली में हुई थी। किरोड़ीमल कॉलेज से ग्रेजुएशन के बाद उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में एडमिशन लिया था। 1985 में उन्होंने शशि कौशिक से शादी की थी। 2 साल की उम्र में उनके बेटे का निधन हो गया था। सतीश ने 1983 में बॉलीवुड में कदम रखा। इससे पहले उन्होंने थिएटर में काम किया था। वे अभिनेता, कॉमेडियन, स्क्रिप्ट राइटर, निर्देशक और निर्माता थे। सतीश को पहचान 1987 में फिल्म मिस्टर इंडिया से मिली थी। इसके बाद उन्होंने 1997 में दीवाना-मस्ताना में पप्पू पेजर का किरदार निभाया था। सतीश को 1990 में राम लखन के लिए और 1997 में साजन चले ससुराल के लिए सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार मिला था।

## दिग्विजय की कार ने युवक को टक्कर मारी 10 फीट दूर गिरा बाइक सवार पुलिस ने पूर्व सीएम की गाड़ी जब्त



गरीबों का सिताारा

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की कार ने गुरुवार को एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। वह करीब 10 फीट दूर जा गिरा। उसके सिर में चोट आई है। उसे भोपाल रेफर किया गया है। घटना मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले की है। दिग्विजय कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के कोडक्या गांव में उनके घर पर शोक व्यक्त करने पहुंचे थे। यहां कुछ देर रुकने के बाद वे कार से राजगढ़ के लिए निकले। दोपहर करीब 3 बजे जीरापुर के पास एक बाइक सवार काफिले के सामने आ गया और हादसा हो गया। घायल युवक का नाम रामबाबू बागरी (20) निवासी परोलिया है। उसका हाल जानने दिग्विजय सिंह अस्पताल पहुंचे और युवक को भोपाल रेफर करने को कहा। दिग्विजय ने यह भी कहा कि मैं युवक का इलाज करवाऊंगा। डॉक्टरों ने युवक का प्राथमिक उपचार कर उसे भोपाल रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर दिग्विजय सिंह से बात की। उन्होंने कहा- ईश्वर की कृपा से युवक को ज्यादा चोट नहीं लगी है। उसे भोपाल भेज दिया गया है। उसका इलाज मैं करवाऊंगा। दिग्विजय ने कहा कि हम धीरे-धीरे जा रहे थे तभी युवक बाइक से अचानक सामने आ गया।

# त्रिपुरा में शाह के काफिले में घुसी सफेद कार

गरीबों का सिताारा

**अगरतला।** त्रिपुरा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। बुधवार को उनके काफिले में अचानक सफेद रंग की एक कार घुस गई। पुलिस ने रोकने की कोशिश की, लेकिन वह तेज स्पीड में काफिले को ओवरटेक करते हुए भाग गई। त्रिपुरा में बुधवार को राज्य की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह था। इसी प्रोग्राम में शामिल होने के लिए अमित शाह अगरतला पहुंचे थे। वह स्टेट गेस्ट हाउस से निकल रहे थे, तभी यह घटना हुई। पुलिस ने कहा कि कार चालक को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में अगरतला पहुंचे थे गृह मंत्री



### पुलिस वालों ने सफेद कार रोकी, लेकिन ड्राइवर भाग निकला

सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि अमित शाह का काफिला गुजर रहा है, तभी एक सफेद कार अचानक उनके काफिले के पास आ जाती है। पुलिस वालों ने उसे रोका, तो वह कुछ देर रुकी रहती है। इसके बाद अचानक कार शाह के काफिले के बीच में आ जाती है। पुलिसकर्मी पीछे दौड़ते हुए कार को रोकने की कोशिश करते हैं, लेकिन वह रुकी नहीं। इससे पहले सितंबर 2022 को महाराष्ट्र दौरे पर भी शाह की सुरक्षा में चूक हुई थी।

# थाने में SHO को आया हार्ट अटैक

## ड्यूटी के दौरान गश खाकर गिरे, हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत

गरीबों का सिताारा

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण के भाबरू थाने में रोल कॉल के दौरान गश खाकर थाने में ही गिरे एसएचओ की उपचार के दौरान मौत हो गई। जयपुर ग्रामीण के भाबरू थाने में तैनात एसएचओ अतर सिंह की मौत के बाद परिवार में गम का माहौल है। मौत का कारण हार्ट अटैक से होना बताया जा रहा है। अ तर सिंह के साथियों ने बताया कि करीब 54 साल के एसएचओ अतर सिंह करीब डेढ साल पहले भाबरू थाने में तैनात थे। वे अलवर जिले के नीमराना इलाके में फूसापुर गांव के मूल निवासी थे। परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। अतरसिंह के बैंच के एसआई-साथियों और परिवार ने बताया कि अतर सिंह पूरी तरह से फिट था। वह हर दिन व्यायाम भी करता था। दो मार्च को वे नियमानुसार थाने में रोल कॉल कर रहे थे, इस दौरान अचानक अचेत हो गई। एसएमएस अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया और धुलंडी की रात उनकी मौत हो गई। सात मार्च की रात उनकी मौत हुई, आठ मार्च को उनका पार्थिव देह उनके गांव पहुंचा।



# मुंह में घास लेकर वीरांगनाओं का सीएम हाउस कूचः जमीन पर लेटीं

## किरोड़ी बोले- इतनी याचना के बाद राक्षस भी पिघल जाए

गरीबों का सिताारा



**जयपुर।** पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के बंगले के बाहर धरने पर बैठी पुलवामा शहीदों की तीन वीरांगनाओं ने गुरुवार को मुंह में घास (दूब) लेकर अनूठे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सीएम हाउस कूच करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने रोक दिया। वीरांगनाओं के साथ बीजेपी के राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा भी कूच में शामिल थे। आगे नहीं बढ़ने देने पर वीरांगनाओं ने जमीन पर लेटकर सीएम से गुहार लगाईं। इधर, तीनों वीरांगनाओं का पायलट के बंगले के बाहर धरना जारी है। मुंह में घास का मतलब- 'मैं तुम्हारी गाय' : मुंह में घास दबाकर दुश्मन सेना का कोई भी सैनिक क्षमा मांगता था तो उसकी जान बख्श दी जाती थी। बताया जाता है पठान जब हारने लगते थे, तो वह घास का टुकड़ा मुंह में लेकर आते थे। जिसका अर्थ होता था कि वह यह कह रहे हैं कि वह उनकी गाय है, तो क्षमा कर दिया जाए। बाबरनामा में इसका जिक्र भी है। मुंह में घास का मतलब- 'मैं तुम्हारी गाय' : मुंह में घास दबाकर दुश्मन सेना का कोई भी सैनिक क्षमा मांगता था तो उसकी जान बख्श दी जाती थी। बताया जाता है पठान जब हारने लगते थे, तो वह घास का टुकड़ा मुंह में लेकर आते थे। जिसका अर्थ होता था कि वह यह कह रहे हैं कि वह उनकी गाय है, तो क्षमा कर दिया जाए। बाबरनामा में इसका जिक्र भी है।

**किरोड़ी बोले- सीएम ने वीरांगनाओं के जले पर नमक छिड़का**

राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने कहा- मुख्यमंत्री ने आज फिर ट्वीट करके वीरांगनाओं के जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। वीरांगनाएं आज अधीर हो गईं तो मुंह में घास लेकर सीएम हाउस की तरफ मुख्यमंत्री से मिलने के लिए कूच करने लग गईं। हम नहीं चाहते कि आंदोलन हिंसक हो। तीनों वीरांगनाओं ने मुंह में दूब लेकर जमीन पर दंडवत होकर याचना की है कि मुख्यमंत्री हमारी बात सुनिए। बड़े से बड़ा राक्षस भी इतनी याचना के बाद पिघल जाता है। दंडवत प्रणाम करके प्रार्थना कर दी, अब देखना है कि सीएम पिघलकर दया भाव दिखाते हैं या नहीं।

# गहलोत बोले- संजीवनी घोटाले के हर आरोपी को जेल भेजेंगे

### सीएम ने वीडियो ट्वीट किए, कहा- सरकार पीड़ितों के साथ

गरीबों का सिताारा

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत के खिलाफ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से मानहानि का दावा करने के बाद दोनों तरफ तल्खी और बढ़ गई है। गहलोत ने संजीवनी घोटाले को लेकर ट्वीट वॉर शुरू कर दिया है। सीएम ने शेखावत के खिलाफ संजीवनी पीड़ितों के आरोपों के कई ट्वीट किए हैं। पीड़ितों के वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा- संजीवनी घोटाले के बेईमानी के पूरे ताने-बाने को पीड़ितों की आपबीती बता रही है। सरकार इस घोटाले में शामिल हर शख्स को जेल पहुंचाएगी। गहलोत ने एक अन्य ट्वीट में लिखा- नफा और राहत के नाम पर लोगों की मजबूरियों का फायदा उठाकर संजीवनी में खेला गया धोखाधड़ी का खेल परत-दर-परत सामने आ रहा है। लोगों के गम को मरहम लगाने के लिए सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। घोटाले ने बेईमानी का ऐसा तंत्र विकसित किया कि न सिर्फ निवेशक बल्कि एजेंट्स को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जनधन की लूट के समूचे तंत्र के सूत्रधार और हर सहयोगी को प्रदेश सरकार उनके सही अंजाम तक पहुंचाएगी। न्याय की इस लड़ाई में हर कदम पर प्रदेश सरकार पीड़ितों के साथ रहेगी। बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने जयपुर आवास पर संजीवनी क्रेडिट सोसायटी घोटाले पर पीड़ितों से बातचीत की। एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि सरकार इस घोटाले में शामिल हर शख्स को जेल पहुंचाएगी। बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने जयपुर आवास पर संजीवनी क्रेडिट सोसायटी घोटाले पर पीड़ितों से बातचीत की।



अपना शहर
गरीबों का सितारा
क्षेत्र का नं. 1 अखबार
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
शुक्रवार, 10 मार्च, 2023


| पूर्वानुमान> | शुक्र | शनि | रवि | सोम |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 32°c | 32°c | 30°c | 32°c |
| न्यूनतम> | 17°c | 17°c | 16°c | 18°c |

24°

निर्णय का सम्मान...

# सिटी पार्क के बेहतर रखरखाव के लिए न्यूनतम प्रवेश शुल्क का किया आमजन ने स्वागत

## मॉर्निंग वाकर्स ने सुबह 6 से 9 और 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों लिए निःशुल्क प्रवेश पर जताई खुशी

### वर्किंग-डे होने के बावजूद पहले दिन 5 हजार से अधिक लोगों ने प्रवेश शुल्क के साथ किया पार्क का भ्रमण

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** बेहद कम समय में लोकप्रियता का शिखर छू चुके जयपुर के सिटी पार्क में प्रवेश के लिए न्यूनतम शुल्क लगाने पर आमजन ने सुखद प्रतिक्रिया देते हुए इस कदम का स्वागत किया है। प्रदेश के कई जिलों से आए स्थानीय पर्यटकों ने विश्वास जताते हुए कहा कि न्यूनतम शुल्क से न केवल पार्क के रखरखाव में मदद मिलेगी बल्कि असमाजिक तत्वों के प्रवेश पर भी पाबंदी लगेगी। मंडल की सचिव अल्पा चौधरी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया, आवासन अभियंता केके दीक्षित सहित अन्य अधिकारियों ने गुरुवार को विधिवत तरीके से टिकट व्यवस्था को प्रारंभ करवाया। पहले दिन जगह-जगह क्यूआर कोड लगाए गए थे तथा कैश काउंटर पर ऑफलाइन पेमेंट के साथ ऑनलाइन की भी सुविधा दी गई थी। सुबह आने वाले मॉर्निंग वॉकर्स ने प्रातः 6 बजे से 9 तक प्रवेश शुल्क ना लेने और 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को निशुल्क प्रवेश के लिए खुशी जाहिर की। 75 वर्षीय किशन पारवानी ने कहा कि कुछ लोग शाम को आना पसंद करते हैं। ऐसे में साल भर के लिए 999 का रियायती पास वॉकर्स के लिए किसी सौगात से कम नहीं है। उल्लेखनीय है कि आमजन पार्क के वैभव और सौंदर्यीकरण के चलते इसमें प्रवेश के लिए 50 रुपए प्रवेश शुल्क की उम्मीद कर रहे थे लेकिन मंडल ने आमजन की भावना का ध्यान रखते हुए न्यूनतम 20 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया। झुंझुनू से आए मोहित सुंडा ने कहा कि शहर के अन्य पार्कों मसलन किशन बाग में 50 रुपए, कुलिश स्मृति वन में 30, जलधारा में 30 में रामनिवास बाग स्थित सावन भादो में 20 का प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है। ऐसे में केवल 20 रुपए प्रवेश शुल्क किसी भी स्तर पर ज्यादा नहीं है। काबिले गौर है कि प्रदेश के अलावा देश के अन्य शहरों में स्थित मशहूर पार्कों में भी टिकटिंग की व्यवस्था काफी समय से संचालित हो रही है।






### ऑफलाइन और ऑनलाइन पेमेंट से खुश नजर आए आमजन

पार्क में आए लोगों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड से पेमेंट को सराहा। परिसर में जगह-जगह क्यूआर कोड प्रदर्शित किए गए जिनसे आसानी से पेमेंट हो पा रहा था। आमजन गूगल प्ले स्टोर से सिटी पार्क जयपुर ऐप डाउनलोड कर आसानी से प्रवेश शुल्क का भुगतान कर रहे थे। आईसीजी गर्ल्स कॉलेज से आई निकिता ने कहा कि ऐप से टिकट लेने के बाद वह चंद मिनटों में बिना किसी परेशानी के आसानी से पार्क में प्रवेश कर सकी।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव पीएचईडी की समीक्षा बैठक



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** प्रदेश के विभिन्न पीएचईडी रीजन में अवैध कनेक्शन एवं बूस्टर्स के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में लापरवाही बरतने वाले अभियंताओं को नोटिस दिए जाएंगे। जल जीवन मिशन में सबसे नीचे के पायदान पर रहे जिलों के अभियंताओं को भी चार्जशीट दी जाएगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन जिलों की प्रगति 30 प्रतिशत से कम हैं वहां के प्रभारी अभियंता (एसई) को चार्जशीट दी जाए। जल कनेक्शन में अव्वल रहने वाले जिलों को भी उन्होंने कनेक्शनों की संख्या बढ़ाते हुए तय लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। डॉ. अग्रवाल ने गर्मी के मौसम को देखते हुए अवैध कनेक्शन हटाने एवं बूस्टर्स जब्त करने के निदेशों को गंभीरता से लेते हुए कार्य करने के निर्देश अभियंताओं को दिए। बैठक में बताया गया कि एक अप्रेल 2022 से 2 मार्च 2023 तक कुल 14 हजार 252 अवैध जल संबंध हटाए गए हैं। सर्वाधिक 2215 अवैध कनेक्शन अजमेर में हटाए गए। इसके बाद नागौर में 2136 एवं जयपुर में 1955 कनेक्शन हटाए गए हैं। विभाग द्वारा इस अवधि में 709 बूस्टर जब्त किए गए। एसीएस पीएचईडी ने हनुमानगढ़, धौलपुर, करौली, सीकर, झुंझुनूं, एवं बांसवाड़ा जिलों में अवैध बूस्टर्स जब्त करने की कार्रवाई में जीरो प्रोगेस दिखाने पर हैरानी जताई। स्वच्छ जलाशयों की सफाई में पिछड़ रहे जिलों- धौलपुर, अलवर, श्रीगंगानगर, राजसमंद एवं हनुमानगढ़ को भी उन्होंने कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 2659 किलोमीटर लम्बी पुरानी एवं जीर्ण-शीर्ण पाइप लाइन चिन्हित की गई है। इसमें जयपुर में 642, कोटा में 262, भरतपुर में 209 किलोमीटर पाइप लाइन शामिल है। 1338 किलोमीटर पाइप लाइन बदलने के प्रस्ताव स्वीकृत हो गए हैं जबकि 1169 किलोमीटर पाइप लाइन के प्रस्ताव भेज दिए गए हैं। समीक्षा बैठक में वृहद एवं लघु पेयजल परियोजनाओं की लक्ष्य के मुकाबले प्रगति की जानकारी ली गई।

# अलवर ग्रामीण विधानसभा का सांसद महंत बालक नाथ योगी ने किया दौरा

## 50 लाख रू. की ग्रामीण पंचायतों के विकास कार्य के लिए की घोषणा







गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर ।** केंद्रीय जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी ने बुधवार को ग्रामीण विधानसभा का दौरा किया। इस दौरान अलवर ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत घेघोली, देसूला, गूंदपुर, भजीट, केरवा जाट, सालपुर, खेड़ली सैय्यद, इत्यादि ग्रामीण पंचायतों में जनसुनवाई चौपाल आयोजित करते हुए उनके द्वारा केंद्रीय जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही विकास कार्यों के लिए सांसद निधि से 50 लाख रू. की घोषणा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के किसान वर्ग के लिए जो जनकल्याणकारी योजनाएं जारी की है उन के माध्यम से आज किसान ना केवल आत्मनिर्भर बन रहा है बल्कि वह सशक्त भारत के निर्माण में अपनी प्रमुख भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना जनधन खाता किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से गांव, गरीब , किसान, वंचित हर वर्ग को अभूतपूर्व लाभ मिला है। कांग्रेस राज में जहां राष्ट्र की छवि एक कमजोर और गरीब देश के रूप में जानी जाती थी वहीं आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व के शक्तिशाली देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करता हुआ दिख रहा है। आजादी के बाद से कांग्रेस शासनकाल में जनता को योजनाओं के नाम तो बहुत बताएं ,लेकिन उनका लाभ कभी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने नहीं दिया, जिसके कारण राष्ट्र का एक बड़ा वर्ग उपेक्षा और अन्याय का शिकार होते हुए विकास से बहुत दूर रहा, 2014 से प्रधानमंत्री के हाथों में राष्ट्र का नेतृत्व आने पर देश आज तीव्रता से विकास की ओर बढ़ रहा है आज हम याचक नहीं दाता के रूप में विश्व में पहचाने जाने लगे हैं। यह सब प्रधानमंत्री के "सबका साथ सबका विकास और सबका विकास' मंत्र के कारण ही संभव हो सका है। ग्रामीण दौरे से पूर्व अलवर सांसद द्वारा बहरोड (खोहरी) गांव में हत्याकांड के शिकार मृतक संजय उर्फ मुन्ना के घर पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले साढे 4 साल में जिस तरह की घटनाएं सामने आई है, उससे निश्चित रूप से अलवर सहित संपूर्ण प्रदेश में आतंक और भय का माहौल बन चुका है। वीरता और देशभक्ति के लिए प्रसिद्ध बहरोड़ राठ क्षेत्र आज कांग्रेस सरकार के राज में अपराधनगरी बन गया है। अन्याय, आतंक और कुशासन का प्रतीक कांग्रेस सरकार के द्वारा अपराधियों को संरक्षण करने की जो नीति अपनाई जा रही है वह संपूर्ण प्रदेश के लिए बड़ी घातक सिद्ध हुई है। अपराध रोकने में विफल कांग्रेस सरकार की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है।

अनशन स्थल पर हनुमान चालीसा की गूंज

# राजस्थान की तानाशाही सरकार को मिले सद्बुद्धि : महावीर रांका

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** ईसीबी कार्मिकों की ज्वाइनिंग की मांग को लेकर भाजपा नेता महावीर रांका के नेतृत्व में जिला कलक्ट्रेट के समक्ष चल रहे आमरण अनशन के 32वें दिन हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। यूआईटी के पूर्व चैयरमेन महावीर रांका ने कहा कि एक माह के बाद भी मंत्री, मुख्यमंत्री व प्रशासन नींद से नहीं जागा है। हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना करके जनता के समक्ष अपनी तानाशाही छवि को प्रदर्शित कर रहे मंत्री व मुख्यमंत्री को करारा जवाब दिया जाएगा। भाजपा के पवन महनोत ने बताया कि ईसीबी कर्मचारियों के न्याय हेतु संघर्षरत अनशनकरियों को इस तानाशाह राजस्थान सरकार से लड? हेतु शक्ति प्रदान करने और इस सरकार को सद्बुद्धि हेतु हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। अनशन स्थल पर डॉ.भगवान सिंह मेडतिया, सुभाष गोयल, करणीसिंह राजपूत, विनोद भंसाली, रतनलाल जयपाल, जसराज सिवर, लक्की पँवार, रतनलाल पारीक, जितेन्द्र भाटी, महेंद्र जनागल, उगमसिंह भाटी, भवरसिंह, गुमानसिंह, रूपसिंह, तेजाराम राव, राजेन्द्र शर्मा, सुभाष गोदारा, लक्ष्मण चौधरी, राकेश खीचड़, मधुसूदन शर्मा, भगवतीप्रसाद गौड़, विष्णु तंवर, भव्य भाटी, पंकज कच्छावा, पवन सुराणा, मोहनलाल पड़िहार, दिनेश सांखला, मालचंद जोशी, टेकचंद यादव, शम्भू गहलोत, कन्हैयालाल सांखला, विशाल चौपड़ा, कनजी, सेवाराम अग्रवाल, राजेन्द्र व्यास, अजीतसिंह चारण, आदर्श शर्मा, लोकेश छाबडा, लोकेश चतुवेर्दी आदि उपस्थित रहे। अनशन पर नरपतसिंह भाटी, घनश्याम जाजड़ा, महेन्द्र सिंह राठौड़, गौरीशंकर देवड़ा एवं सत्यनारायण कच्छावा डटे हैं।



# राजस्थान में उप राज्य प्रमुख ने किया शिव सेना का शंख नाद



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री व शिव सेना पार्टी प्रमुख एकनाथ शिंदे के द्वारा आतिश गर्ग को बाला साहब ठाकरे कि शिवसेना के प्रदेश उपप्रमुख राजस्थान के तौर पर नियुक्त किया गया है। राजस्थान प्रदेश उप प्रमुख आतिश गर्ग ने बताया कि उनके पुत्र शिव सेना हिंदुत्व की रक्षा और गौ सेवा के लिए संकल्पित है। उन्होंने हिंदुत्व की रक्षा पूर्ण कर्तव्य के साथ करने का संकल्प लिया है` उनका लक्ष्य राजस्थान में शिव सेना की जड़ो को मजबूत करना है। आगामी चुनावों में संपूर्ण राजस्थान में शिव सेना का परचम लहराना प्रमुख उदेश्य है। हम हर तरह से सक्षम है और राजस्थान सहित संपूर्ण देश की जनता के हितों की रक्षा व सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

# रामगढ़ पचवारा में फाग महोत्सव की धूम, बाबा श्याम की सजाई मनमोहक झांकी

**रामगढ़ पचवारा, वरुण कामदार।** रामगढ़ पचवारा कस्बे में फाग महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान बाबा श्याम की मनमोहक झांकी सजाई गई। खाती मोहल्ले, प्रभु कौशल सहित कई जगहों पर फाग महोत्सव मनाया गया। फाग महोत्सव के दौरान एक के बाद एक भजनों ने माहौल को होलीमय और श्याममय बना दिया। भजन गायक कलाकार अनिल मोदी ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। भगवान के मधुर भजनों पर श्याम भक्तजन एक-दूसरे पर गुलाल उड़ाते हुए झूम उठे। भक्तों ने भजन व कीर्तन कर बाबा श्याम के साथ रंग उड़ा कर होली खेली। इस अवसर पर पंडाल में खाटू श्याम बाबा के जयकारे गूंज उठे। और आसपास का वातावरण भी श्याममय हो गया। इस दौरान मोहन सोनी ,सूरज कटारा, गुलाब सोनी ,अनिल मोदी ,हनुमान सोनी, विष्णु जांगिड़, विजय जांगिड़, गन्नू शर्मा, आसाराम निरवाल, अंकित कटारा, पप्पू खंडेलवाल, राजू जांगिड़, बबली जांगिड़, नीरज कटारा, अभिषेक जांगिड़, आदित्य सोनी, लालू कटारा, हिमांशु जांगिड़, अवनीत जांगिड़, उर्मिला सोनी, रेनू जांगिड़, पूजा सोनी, मीरा जांगिड़, मीनू सोनी, संतोष खंडेलवाल, शोभा सोनी, लक्ष्मी सोनी, टीना खंडेलवाल खुशी कामदार सहित आदि भक्त मौजूद रहे।

# डॉ. गुंजन सोनी ने किया अतिरिक्त प्राचार्य कार्यालय कक्ष का उद्घाटन

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्राचार्य तृतीय डॉ. रेखा आचार्य के कार्यालय कक्ष का उद्घाटन गुरुवार को प्रधानाचार्य डॉ. गुंजन सोनी के कर कमलों द्वारा किया किया गया। इस अवसर पर डॉ सोनी ने श्रीमती आचार्य को मनी प्लांट भेंट कर शुभकामनाएं दी एवं कक्ष की चाबी सुपुर्द की। नवीन कक्ष के उद्घाटन पर डॉ. रेखा आचार्य ने प्राचार्य सोनी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अतिरिक्त प्राचार्य प्रथम अनिता पारीक, अतिरिक्त प्राचार्य द्वितीय डॉ. एन.एल. महावर, अतिरिक्त प्राचार्य चतुर्थ डॉ. सुरेंद्र वर्मा, डॉ. गौतम लुणीया, डॉ. अभिषेक क्वात्रा, डॉ. हरदेव नेहरा, संजय गहलोत, श्रीधर बिस्सा, विनय गोस्वामी, विनय थानवी, आनंद नायर, जितेंद्र ओझा आदि उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. रेखा आचार्य की ओर से उपस्थित सभी डॉक्टर्स, स्टाफ, एवं अतिथियों का स्वागत किया गया।



# एसडीएम मोहर सिंह मीणा ने जनसुनवाई में आए परिवादो के निस्तारण के दिए निर्देश



गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा, वरुण कामदार।** रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय के पंचायत समिति सभागार भवन में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा की अध्यक्षता मे गुरुवार को हुई। जनसुनवाई में 13 परिवाद आए। जिसमें रास्ते पर अतिक्रमण ,पेंशन सत्यापन, पीएम किसान, हरे पेड़ों की कटाई रुकवाने को लेकर परिवाद आए। उपखंड अधिकारी ने मोहर सिंह मीणा ने संबंधित अधिकारी को परिवादो के निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार अमितेश मीना, तहसीलदार कुलदीप, विकास अधिकारी प्रियंका मीणा, कृष्णा सैनी सहित सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में मौजूद रहे।

# पौधारोपण कर जागरूक का लोगों को दिया संदेश








**रामगढ़ पचवारा, वरुण कामदार।** रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय यहां पर्यावरण संरक्षण को लेकर भारतीय स्टेट बैंक शाखा रामगढ़ पचवारा द्वारा कॉरपोरेट दायित्व के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें 1200 पौधा का पौधारोपण किया गया। भारतीय स्टेट बैंक शाखा के प्रबंधक रामधन मीणा ने बताया कि पर्यावरण के प्रति जागरूक रहें ताकि आने वाली पीढ़ी को जीने के लिए शुद्ध वायु मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि उपखंड मुख्यालय, तहसील मुख्यालय, थाना परिसर, सहित रामगढ़ पचवारा उपखंड क्षेत्र में आने वाली सरकारी विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वह धार्मिक व सार्वजनिक स्थानों पर भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान शाखा प्रबंधक रामधन मीणा, सीबीईओ मुरारी लाल जांगिड़, कल्लावास प्रधानाचार्य शंभू दयाल शर्मा, कालूवास प्रधानाचार्य ओमप्रकाश रेगर, कंवरपुरा प्रधानाचार्य रतन लाल शर्मा अमराबाद प्रधानाचार्य ललित बेरवा आभानेरी प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार शर्मा वृक्षारोपण कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# नवीन जनजाति बालिका आश्रम का उपखंड अधिकारी ने किया गया औचक निरीक्षण

गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा, वरुण कामदार।** रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय गुरुवार को नवीन जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास रामनगर बीदरखा में शाम 5:00 बजे उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्डन छात्रावास में उपस्थित मिली ।और साफ-सफाई दुरुस्त मिली। रसोई घर का भी निरीक्षण किया गया। रसोई में स्वच्छ पाई गई। छात्रावास में उपस्थित बालिकाओं से खाने पीने रहने के लिए पूछा गया तो सभी ने कहा कि छात्रावास में सब सही है। और पर्याप्त मात्रा में भोजन सामग्री मिलती है निरीक्षण के दौरान कृष्ण कुमार सैनी वरिष्ठ सहायक उपखंड कार्यालय रामगढ़ पचवारा वाहन चालक ओम प्रकाश सैनी मौजूद रहे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज महिला मण्डल की रेखा उपाध्याय बनी अध्यक्ष



गरीबो का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार गुर्जर।** गौड़ ब्राह्मण समाज महिला मंडल की एक बैठक पुराना गौतम आश्रम में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से गंगापुर समाज की महिला अध्यक्ष रेखा उपाध्याय,उपाध्यक्ष प्रतिभा तिवारी,माया पंचौली , चित्रा चौबे,कोषाध्यक्ष हेमा व्यास, सांस्कृतिक मंत्री सरिता उपाध्याय,सचिव निर्मला तिवारी, खेलकूद प्रभारी अंतिमा उपाध्याय,संरक्षक मण्डल कंचन देवी उपाध्याय,दुर्गा देवी उपाध्याय, कैलाश देवी उपाध्याय, आशा देवी लाड़,गीता देवी पंचौली,रतन देवी व्यास,सीता देवी चौबे,सदस्य सरोज व्यास, मनीषा त्रिवेदी,चंचल व्यास, मोनिका व्यास,शारदा व्यास , सरोज व्यास , शशिकला जोशी,नेहा पंचौली चुने गए।

## राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद ने मनाया फाग उत्सव



गरीबो का सितारा

**भीलवाड़ा।** वनवासी कल्याण परिषद द्वारा चित्तौड़ रोड कमला एंक्लेव में भजन प्रभारी सुमित्रा हुरकट के निवास पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वनवासी कल्याण परिषद की सभी कार्यकताओं ने भाग लिया। परिषद की संरक्षिका पल्लवी द्वारा हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (दिनांक 22 मार्च 2023) के उपलक्ष में भीलवाड़ा होने वाली शोभायात्रा के बारे में जानकारी दी गई। परिषद की श्रीमती मनीषा जाजू द्वारा परिषद के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर भगवान कृष्ण के भजन गाये गये। महिला दिवस के उपलक्ष में सभी महिलाओं ने एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में परिषद की सचिव ममता चिरानिया और सह सचिव मीना नवहाल उपस्थित थी।

## कवयित्री डॉ.निरुपमा उपाध्याय व उपासना सुरेका हुई नारी शक्ति योद्धा सम्मान से सम्मानित




गरीबो का सितारा

**साधना सेठी, लक्ष्मणगढ़।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान टीम के सदस्य कवयित्री डॉक्टर निरुपमा उपाध्याय व उपासना सुरेका को नारी शक्ति योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए अभियान के सह-संयोजक आकाश झुरिया ने बताया कि शक्ति फिल्म प्रोडक्शन की फाउंडर अम्बालिका शास्त्री द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये गये सामाजिक कार्यों व विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा उत्थान के लिए किए जा रहे सराहनीय कार्यो को देखते हुए नारी शक्ति योद्धा सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया। इस सम्मान को लेकर अभियान के संयोजक कवि हरीश शर्मा ने शक्ति फिल्म प्रोडक्शन की फाउंडर अंबालिका शास्त्री का आभार व्यक्त करते हुए टीम सदस्यों को शुभकामनायें प्रेषित की।

## पूज्य झूलेलाल मंदिर शास्त्री नगर की बैठक सम्पन्न

### कई मुद्दों पर हुआ विचार विमर्श



गरीबो का सितारा

**भीलवाड़ा।** शहर के शास्त्री नगर क्षेत्र में स्थित पूज्य झूलेलाल मंदिर की आवश्यक बैठक होली स्नेह मिलन से प्रारंभ की गई। जिसकी अध्यक्षता राजकुमार टहलानी ने की, आगामी चेटीचंड उत्सव की तैयारियों का जायजा लिया, कई मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ, बैठक में निर्णायक निर्णय लिए गए। बैठक में परमानंद तनवानी, ललित कुमार लखवानी, नरेश कुमार खैराजानी, हेमंत दास, विनोद झुरानी, तुलसीदास सखरानी, मोतीलाल लखवानी, पंकज आडवाणी, किशोर कुमार लखवानी, विजय कुमार लखवानी, गंगाराम पेशवानी, शीतल लाल हरवानी आदि सदस्य मौजूद थे।

### गंगापुर में जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया उपकारागृह

# आकस्मिक निरीक्षण एवं न्यायिक अधिकारीयों की ली बैठक



गरीबो का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा एवं अपर जिला न्यायाधीश राजपाल सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपकारागृह गंगापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा ने गंगापुर जेल प्रभारी पीन्टू राम यादव से बंदियो के स्वास्थय तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जेल परिसर में स्थित रसोईघर का भी निरीक्षण कर बंदियो को दिये जा रहे भोजन की गुणवता की भी जांच की गई। बंदियो से उनकी समस्याओं के बारे मे जाना और किसी बंदी के अधिवक्ता नहीं होने पर वह विधिक सहायता हेतु निशुल्क अधिवक्ता हेतु आवेदन करने के बारे में बताया गया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने साफ सफाई रखने व एवं अन्य आवश्यक दिशा निर्देश जेल प्रभारी को दिए। इसी क्रम में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के आदेशानुसार 13 मई 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अजय शर्मा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाडा (जिला एवं सेशन न्यायाधीश, भीलवाडा ) ने गंगापुर तालुका के सभी न्यायिक अधिकारीयों के साथ बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा ने न्यायिक अधिकारियों को न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को वरियता के आधार पर निस्तारण करने एवं इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए योजनाबद्व तरीके से प्रकरणों में प्रत्येक तारीख पेशी पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राजपाल सिंह , सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाडा ने भी गंगापुर न्यायक्षेत्र के न्यायिक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा राजीनामे योग्य मामलो को चिन्हित करने एवं उनमें प्री-काउसंलिंग के माध्यम से एवं अधिवक्तागण एवं पक्षकारों में राजीनामे के प्रयास के निर्देश दिए।

### बीजेपी नेता संग कैदियों की होली

## समाजसेवी के नाते दी अनुमति : जेलर गोदारा



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के उप कारागृह में होली पर्व पर स्थानीय नेता पूर्व पंचायत समिति प्रधान रीना यादव के ससुर द्वारा कैदियों के साथ होली खेलते हुए सोशल मीडिया पर फोटो वायरल का मामला सामने आया। जहां जेलर बलजीत गोदारा से इस विषय में जानकारी देते हुए बताया की समाजसेवी के रूप में उनको कैदियों के साथ होली खेलने की अनुमति दी। मुझे यहां पदभार ग्रहण किए हुए कम समय हुआ है मुझे यहां के स्थानीय लोगों की जानकारी नहीं है। अज्ञानता में ऐसा हुआ है।आगामी समय में सभी नियमों को मध्य नजर रखते हुए ध्यान रखा जाएगा। व साथ ही उन्होंने बताया कि मेरे कार्यकाल में मैंने जेल परिसर में अनेकों विकास कार्य करवाए हैं। मेरी इस तरह की कोई मानसिकता नहीं है। फोटो वायरल के विषय में बताया कि जेल कर्मियों ने अपने ग्रुप में फोटो डाली होगी जो किसी के द्वारा पहुंच गई होगी। वहीं अजित ठेकेदार ने बताया कि समाजसेवी के नाते जेलर की अनुमति से कैदियों को गुलाल लगाई थी जेल में सीमेंटेड कुर्सियां सहित अन्य विकास कार्य करवाएं। वर्तमान में 62 कैदी मौजूद हैं जो विभिन्न मामले में कैद है।

## कलेक्टर मोदी, हुरडा में आयोजित सखी उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया

गरीबो का सितारा

**गुलाबपुरा।** रामकिशन वैष्णव हिन्दुस्तान जिंक द्वारा संचालित सखी परियोजना द्वारा सखी उत्सव कार्यक्रम में जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने भाग



लिया। जिला कलेक्टर मोदी ने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा संचालित सखी योजना की प्रशंसा की, कहा कि इससे महिलाओं को रोजगार उपलब्ध हो रहा है ! जिला कलेक्टर मोदी ने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं भी दी व बच्चों को शिक्षा दिलवाने एवं लडकी, लडका में भेदभाव नही रखकर दोनों को एक ही समझने की बात कही !हुरडा गाँव में सखी उत्सव कार्यक्रम जिला कलेक्टर आशीष मोदी के मुख्य अतिथि में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पंचायत समिति हुरड़ा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड से अनुपम निधि, किशोर कुमार, उपखंड अधिकारी विनोद कुमार मीणा, तहसीलदार शिल्पा चौधरी, विकास अधिकारी ज्योति प्रजापति ,सीएसआर हेड अभय गौतम , सखी उड़ान फेडरेशन अध्यक्ष विजयलक्ष्मी वैष्णव, जीएसएस अध्यक्ष हुरडा गजराज चौधरी, थानाधिकारी राजेश तिवारी , सरपंच सायरी देवी जाट सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद थी।

## शुद्ध के लिए युद्ध अभियान में शाहपुरा में 6 मिष्ठान भंडार दुकान से लिए गए सैंपल

### खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त पुखराज सेन के निर्देशन में हुई कार्रवाई

### नमूने खाद्य प्रयोगशाला अजमेर भिजवाए गए



गरीबो का सितारा

**भीलवाड़ा, प्रहलाद तैली।** शाहपुरा आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान पुखराज सेन निर्देशन में शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय प्रबंधन संचालन समिति व नोडल अधिकारी राजेश गोयल मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुस्ताक खान के निदेश में गठित विशेष जांच दल द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण व नमूनिकरण की कार्रवाई की गई टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेम चंद्र शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष शर्मा प्रशिशु खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिहारी व्यास सहायक कर्मचारी गोपाल शर्मा मौके पर मौजूद कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुस्ताक खान ने बताया कि शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत, मैसर्स राम श्याम मिष्ठान भंडार सदर बाजार शाहपुरा से मलाई बर्फी का नमूना, मैसर्स जोधपुर मिष्ठान भंडार त्रिमूर्ति चौराहा से रसगुल्ले ,मैसर्स भोलेनाथ स्वीट्स कलिंजरी गेट से बर्फी, मैसर्स मूंदड़ा मिष्ठान भंडार दीनदयाल धर्मशाला के नीचे से खोया बर्फी का, मैसर्स धाकड़ मिष्ठान भंडार कलिंजरी गेट से मलाई बर्फ व , मैसर्स लक्ष्मी मिष्ठान भंडार कलिंजरी गेट से मावा बर्फी का नमूना लेकर कुल 6 खाद्य नमूने खाद्य प्रयोगशाला अजमेर भिजवा गए प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### सीकर की साधना सेठी को दिल्ली में मिला नारी रत्न पुरुस्कार

# मदद फाउंडेशन की महिला विंग को दिल्ली में मिला राष्ट्रीय पुरुस्कार

## फाउंडेशन को मिला तीसरी बार राष्ट्रीय स्तर का पुरुस्कार






गरीबों का सितारा

**सीकर।** सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय संस्था मदद फाउंडेशन को दिल्ली में आयोजित महिला दिवस पे महिला विंग को राष्ट्रीय पुरुस्कार दिया गया। संस्था के गणपत सिंह गांवड़ी ने बताया की दिल्ली के द्वारका के पेसिफिक मॉल में नारी रत्न पुरुस्कार समारोह आयोजित किया गया था जिस में मदद फाउंडेशन की महिला विंग को ये पुरुस्कार मिला। ये पुरुस्कार महिला विंग की प्रमुख साधना सेठी द्वारा लेना था लेकिन अस्वस्थ होने के कारण महिला विंग सदस्य राखी आर्य द्वारा ये सम्मान लिया गया। इस पुरुस्कार प्राप्त करने पर एडमिन पैनल द्वारा सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी गई। मदद फाउंडेशन को हर वर्ष महिला दिवस पे पुरुस्कार दिया जा रहा है ।गणपत सिंह गांवड़ी ने कहा की हम उस परंपरा से हैं जहां पुरुषों की पहचान नारियों से होती थी। कुंती पुत्र, यशोदा नंदन, देवकीनंदन, कौशल्या नंदन, हम उस देश से हैं, जहां पुत्रों की पहचान मां से होती थी । स्त्री का कोई एक दिन ही नहीं होता है. मनुष्य के इतिहास में जन्म से लेकर मरण तक स्त्री की कई रूपों में भूमिका रही है और हमेशा ही रहेंगी .हर दिन ही स्त्री का है . जीवन ही स्त्री का है . स्त्री ,परमात्मा का परम अंश है . स्त्री है तो हम सब है . संसार की सभी नारियों को हम प्रणाम करते है। फाउंडेशन के हरी सिंह बृजेंद्र सिंह आशा शर्मा किशोर राठौड़ राजेंद्र सिंह सिरू कंवर ज्योति तनवानी परमिंदर कौर अंजू अग्रवाल द्वारा बधाई दी गई।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं ने संगोष्ठी आयोजित



गरीबों का सितारा


**गुलाबपुरा/रामकिशन वैष्णव।** नगरपालिका वार्ड नं 17 में स्थित श्रीराम गेस्टहाउस में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं द्वारा संगोष्ठी आयोजित कर उत्साह पूर्वक मनाया गया ! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर अर्चना जोशी एवं अध्यक्षता श्रीमती नूतन त्रिवेदी ने की ! कार्यक्रम की संयोजक व संचालन श्रीमती गायत्री दाधीच ने किया ! कार्यक्रम में रंजना व्यास, कला शर्मा, गायत्री दाधीच, निर्मला शर्मा, सुनीता पंचारिया, निधि टेलर, वार्ड पार्षद मीरा प्रजापति आदि महिलाओं ने अपने अपने विचार रखें ! श्रीमती निर्मला शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया इस दौरान कलावती जाजू, मीरा प्रजापत, निधि टेलर, निर्मला शर्मा,लेखा जैन, सुनीता टेलर,रंजना व्यास,मुन्नी जागेटिया,गायत्री दाधीच,सुलोचना टेलर,शकुंतला चोपडा, उत्तरा शर्मा,कला शर्मा,कौशल्या टेलर,अल्पना मोदी,कलावती जाजू,मीरा प्रजापत,निधि टेलर,सुनीता पंचारिया आदि मौजूद थी।

## मृतक की मां ने जारी किया हस्ताक्षर सहित पत्र

### पैन से लिखा नाम गलत, कंप्यूटर टाइपिंग मान्य करे

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** मून्ना खोहरी गोली हत्या काण्ड में पीड़ित परिजनों की ओर से हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज



करवाया गया था। जिसमें एक नाम सरपंच कंवर सिंह खोहरी का नाम पैन लेखनी से लिखा हुआ था। जिसे दूसरे दिन गुरुवार को स्पष्ट करते हुए सरपंच पति कंवर सिंह यादव ने मृतक की मां संतोष देवी के हस्ताक्षर सहित लिखित पत्र पेश किया गया। जिसमें बताया गया कि 8 मार्च को एफआईआर दर्ज करवाई थी जो कंप्यूटर टाइपिंग से लिखवाई गई थी उसमें पेन से सरपंच कंवर सिंह का नाम किसी ने गलत तरीके से लिखा दिया। इसलिए उसको हटा दिया जाए और मेरी कंप्यूटर टाइपिंग को मान्य किया जाए। पुलिस इस विषय मे अभी कुछ भी बताने को तैयार नही है। उन्होंने बताया कि हमारा अभी अपराधियों को पकड़ने का उद्देश्य है।

## केन्द्र सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को आबाद करने के लिए गरीबों का निवाला छीनने का कुत्सित प्रयास कर रही : टीकाराम जूली

गरीबों का सितारा





**रुपेश शर्मा, अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि केन्द्र सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को आबाद करने के लिए गरीबों का निवाला छीनने का कुत्सित प्रयास कर रही है। उन्होंनें कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने सरकारी खजाने की लूट की जो खुली छूट देश के चन्द नुमाईदों को दे रखी है उससे पूरा देश आर्थिक स्तर पर संकट की स्थितियों का सामना कर रहा है।मंत्री जूली गुरूवार को अडानी प्रकरण के विरोध में मालाखेडा ब्लॉक पर एसबीआई बैंक के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन में केन्द्र की नीतियों से आमजन को अवगत करा रहे थे। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में उच्च पदों पर आसीन संकीर्ण मानसिकता वाले भाजपाई देश के आवाम को गरीबी की दलदल में धकेलने का प्रयास कर रहे है। उन्होंनें कहा कि उनकी अडानी ग्रुप से मित्रता एसबीआई व एलआईसी जैसे सरकारी उपक्रमों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। जनता के खून-पसीने की गाढी कमाई को सोची-समझी रणनीति के तहत ध्रुवीकरण के माध्यम से बर्बाद किया जा रहा है। केन्द्र सरकार की पूंजीपति मित्रों के साथ मध्यस्थता का खामियाजा देश का गरीब तबका भुगत रहा है। धरना प्रदर्शन में प्रधान दौलत जाटव, सिद्धार्थ व्यास, पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर, लालाराम सैनी, हिम्मत सिंह चौधरी, नरेन्द्र सावत्री मीणा, बच्चू चौधरी, शिवचरण बलाई, मोहन मीणा, अनिल दुबे, शेरसिंह चौधरी, सोनू मीणा, मनोज मीणा सहित बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चिंतन

# विदेशी धरती से भारत की छवि खराब ना करे राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेशी धरती से घरेलू राजनीति कर रहे हैं। यह भारत की वैश्विक छवि के लिए ठीक नहीं है। हर लोकतांत्रिक देश में पार्टियों के बीच राजनीति होती है, लेकिन कोई भी विपक्षी दल विदेश जाकर अपने देश के सत्ताधारी दल के खिलाफ अनाप शनाप नहीं बोलते हैं। जिस कैंब्रिज से राहुल गांधी पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साध रहे हैं, भाजपा व संघ के बारे में प्रलाप कर रहे हैं, संघ की तुलना मुस्लिम ब्रदरहुड से कर रहे हैं, चीन को शांति दूत बता रहे हैं और चीन सीमा पर रूस-यूक्रेन जैसे हालात का राग आलाप रहे हैं, उसी कैंब्रिज के देश ब्रिटेन के आज तक किसी भी विपक्षी नेता ने अपने सत्ताधारी दल की आलोचना किसी विदेशी धरती पर नहीं की है। राहुल को यह भी सोचना चाहिए कि कैंब्रिज उन्हें बोलने का अवसर क्यों दे रहा है? कैंब्रिज में राहुल के दिए बयानों को शायद ही कोई गंभीरता से लेगा? भारत सरकार विरोधी कुछेक विदेशी मीडिया जरूर राहुल के बयानों को चटखारे लेते हुए तवज्जो दे सकते हैं, लेकिन इससे राहुल गांधी को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है, क्योंकि उनको पता है कि जिस नेता को यह नहीं मालूम कि कहां क्या बोलना चाहिए, तो उस नेता को क्यों सीरियस लेना चाहिए? राहुल गांधी जब देश की सियासत को विदेश की धरती पर ले जाते हैं, तो इससे उनकी अपनी छवि भी खराब ही होती है। लोग सोचने लगते हैं कि आखिर वे कैसे नेता हैं जो अपने ही देश की सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। विपक्षी नेता के रूप में राहुल गांधी को सत्ताधारी दल पर प्रहार करने का पूरा हक है, लेकिन स्थान और काल का बहुत महत्व है। अपने नेतृत्व में करीब बत्तीस चुनावों में कांग्रेस को मिली हार के चलते विफल नेता की छवि से परेशान राहुल गांधी ने करीब चार हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो पदयात्रा से अपनी इमेज बदलने की कोशिश की, आंशिक सफलता भी मिली, लेकिन उसके बाद अपने रूप बदलने के बाद वे कैंब्रिज से जिस तरह पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा, संघ और भारत की छवि बिगाड़ने की असफल कोशिश कर रहे हैं, इससे उनकी अपनी इमेज ही खराब हो रही है। अपने बड़बोलेपन से पदयात्रा के फायदे को नुकसान में बदल रहे हैं। राहुल गांधी व कांग्रेस के कई और नेता शायद 'सेल्फ गोल' सियासत में माहिर हो चुके हैं, इसलिए अब बोलने के लिए संभवतः वक्त व जगह का ध्यान नहीं रखते हैं। भाजपा की तरफ से जितने भी पलटवार हुए हैं, राहुल की सियासी स्थिति को देखते हुए इसकी जरूरत ही नहीं थी। देश सेवा में करीब नौ दशक से जुटे संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की तुलना मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे फासीवादी गुट से करना राहुल का संघ के प्रति नफरत का भाव दिखाता है। पूर्व पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू खुद 1962 की जंग के बाद संघ के सेवा भाव की तारीफ कर चुके हैं। कांग्रेस नेता व पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी संघ के कार्यक्रम में जा चुके हैं। देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने में संघ का सदैव योगदान है, इसके बाद भी इस विशाल संगठन के खिलाफ राहुल का जहर उगलना उनकी राजनीतिक सोच पर सवाल उठाता है। नफरत व हिंसा की विचारधारा को भाजपा की बता कर आरोप लगाना भी सही नहीं है। घर के मतभेद घर में ही जाहिर करने चाहिए, सियासी व वैचारिक मतभेद कभी भी मनभेद में नहीं बदलने चाहिए। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमेशा सत्ता में रहना किसी दल या परिवार या नेता का जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है। यह बात देश के सभी दलों व नेताओं को समझना चाहिए। कांग्रेस व राहुल गांधी भी अपवाद नहीं हैं। जनता के मत का सभी दलों को सम्मान करना चाहिए। राहुल गांधी को समझना चाहिए कि भारत के खिलाफ कई ताकतें काम कर रही हैं, चीन व पाकिस्तान के साथ संबंध बेहद नाजुक हैं, ऐसे में उन्हें बोलते वक्त स्थिति को ध्यान में रखना चाहिए। विदेश नीति और रक्षा कदमों को लेकर विदेशी धरती से अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा करना परिपक्वता तो नहीं है। जिस ब्रिटेन ने भारत पर शासन किया, उसी जगह जाकर ब्रिटेन को सुनाने के बजाय अपनी ही सरकार पर अनर्गल आरोप कोई समझदार नेता तो नहीं लगाएगा। राहुल गांधी को अपनी पार्टी के नेता शशि थरूर से सीखना चाहिए कि ब्रिटिश संसद में खड़ा होकर कैसे ब्रिटिशों द्वारा भारत पर किए अत्याचारों के पुलिंदे को खोला था? सत्ता के लिए नेता रोते नहीं हैं, जमीन पर सही दिशा में मेहनत करते हैं। राहुल गांधी को अपने लोकतंत्र व उसके फैसले का सम्मान करना चाहिए।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

इस समय देश का दवा उद्योग घरेलू और वैश्विक मांग की पूर्ति करने के लिए छलांगें लगाकर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। अमेरिका, यूरोप और रूस सहित अनेक देशों में दवाइयों की आपूर्ति में कमी के बीच दवाइयों के लिए दुनिया की निगाहें भारत की ओर लगी हुई हैं। हम उम्मीद करें कि भारत का दवा सेक्टर जो वर्तमान में 50 अरब डॉलर से अधिक मूल्य का है, वह 2030 तक करीब 130 अरब डॉलर और 2047 तक करीब 450 अरब डॉलर की ऊंचाई पर दिखाई दे सकेगा। हम उम्मीद करें कि भारतीय दवाइयां दुनियाभर में और अधिक मानव स्वास्थ्य की देखभाल तथा और अधिक मानव कल्याण में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी।

# दवा बाजार में भारत दुनिया की उम्मीद

छह मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वास्थ्य क्षेत्र पर बजट पश्चात वेबिनार' को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार दवाई और चिकित्सा उपचार को सस्ता बनाने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। जब कोरोना महामारी अपने चरम पर थी तब भारत ने देश सहित दुनिया के 150 से अधिक देशों को दवाओं, टीकों और जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरणों के सुरक्षा कवच उपलब्ध कराए थे। अब भारत दुनिया की नई विश्वसनीय फार्मेसी और वैक्सीन हब के रूप में रेखांकित हो रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत दवाई क्षेत्र में दुनिया के बढ़ते विश्वास के मद्देनजर इस क्षेत्र में अधिक पूंजी लगाने, बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, प्रोडक्शन लिंक इंसेंटिव्स (पीएलआई) योजनाओं पर 30 हजार करोड़ से अधिक के निवेश तथा उत्कृष्टता केंद्रों के माध्यम से फार्मा क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। इससे मानव स्वास्थ्य की देखभाल, अर्थव्यवस्था को मजबूती के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होने का नया परिदृश्य निर्मित होगा। निस्संदेह इस समय देश का दवा उद्योग घरेलू और वैश्विक मांग की पूर्ति करने के लिए छलांगें लगाकर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। इस समय दवाई उद्योग की वैश्विक श्रृंखला के बाधित होने से भारत की फॉर्मा कंपनियों को दुनिया के कोने-कोने में विभिन्न दवाइयों की आपूर्ति के आदेश लगातार मिल रहे हैं। इतना ही नहीं अमेरिका, यूरोप और रूस सहित अनेक देशों में दवाइयों की आपूर्ति में कमी के बीच दवाइयों के लिए दुनिया की निगाहें भारत की ओर लगी हुई हैं। ऐसे में देश के दवाई उद्योग को और मजबूती देने के लिए नए वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट महत्वपूर्ण दिखाई दे रहे हैं। नए बजट में वित्तमंत्री ने दवा उद्योग के लिए अनुसंधान एवं नवाचार के जोरदार प्रावधान किए हैं। फार्मा उद्योग का शोध और अनुसंधान का जो बजट पिछले वर्ष 2022-23 में करीब 100 करोड़ रुपये का था, उसे बढ़ाकर इस नए बजट में करीब 1250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। फार्मा सेक्टर के विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे में इस समय जो भारतीय दवा उद्योग करीब 50 अरब डॉलर रुपये के स्तर पर है वह 2030 तक 130 अरब डॉलर और 2047 तक करीब 450 अरब डॉलर पहुंचने की संभावनाएं रखता है। साथ ही यह सेक्टर सरकार के मेक इन इंडिया प्रोग्राम का लीडर बन सकता है। गौरतलब है कि इस समय भारत दवाई उत्पादन की मात्रा के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर है और दवाई के मूल्य के मद्देनजर 14वें क्रम पर है। भारतीय फार्मा उद्योग वर्तमान में 50 अरब डॉलर से अधिक का है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने 24.62 अरब डॉलर के दवा उत्पादों का निर्यात किया था। वैश्विक मंदी के बीच भी इस बार वित्त वर्ष 2022-23 में भारत से दवा का निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 27 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर को छू सकता है। चूंकि भारत में दवाई उत्पादन की लागत अमेरिका एवं पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है। इसी कारण भारत घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए



विभिन्न महत्वपूर्ण, उच्च गुणवत्ता और कम लागत वाली दवाओं के निर्माण में एक प्रभावी भूमिका निभा रहा है। दुनिया की करीब 70 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग भारत में ही होती है। जेनेरिक दवाओं की अफ्रीका की कुल मांग का 50 प्रतिशत, अमेरिका की मांग का 40 प्रतिशत तथा ब्रिटेन की कुल दवा मांग का 25 प्रतिशत हिस्सा भारत से ही जाता है। दुनिया की 60 फीसदी वैक्सीन का भी उत्पादन भारत में होता है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनिवार्य टीकाकरण योजनाओं के लिए 70 प्रतिशत टीकों की आपूर्ति भारतीय दवा निर्माता कंपनियों के द्वारा की जाती है। इतना ही नहीं भारत में सस्ती लेकिन गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा के लिए कई विकसित देश के मरीज भी भारत का रुख कर रहे हैं। भारत में चिकित्सा सेवा की लागत पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है और भारत दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे सस्ता है। यही कारण है कि भारत को चिकित्सा पर्यटन के लिए दुनिया में लाभप्रद जगह माना जा रहा है, जहां स्वास्थ्य लाभ के अलावा खूबसूरत जगहों का भ्रमण भी किया जा सकता है। दुनिया के अनेक देशों से बड़ी संख्या में लोग भारत में चिकित्सा पर्यटन के लिए आते हैं। वैश्विक मेडिकल टूरिज्म के लिए दुनिया के पहले दस देशों में भारत का नाम रेखांकित हो रहा है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि केंद्र सरकार ने दवा उत्पादन में आत्मनिर्भरता लाने, अधिक कीमतों वाली दवाइयों के स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने और चीन से होने वाले दवाइयों के कच्चे माल-एपीआई (एक्टिव फार्मास्युटिकल्स इंग्रीडिएंट्स) के भारत में ही उत्पादन हेतु कोई ढाई वर्ष पहले शुरू की गई पीएलआई स्कीम को बड़ी सफलता मिली है। देश में फार्मा क्षेत्र की पीएलआई स्कीम के कारण वर्ष 2022-23 में अप्रैल-अगस्त के दौरान फॉर्मा उत्पादों के आयात में पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 40 फीसदी की कमी आई है। निश्चित रूप से इस समय दुनिया के मानचित्र पर भारत के नई वैश्विक फार्मेसी और कोरोना वैक्सीन का हब बनने की जो चमकीली संभावनाएं निर्मित हुई हैं, उन्हें रणनीतिक प्रयासों से मुठ्ठियों में लिए जाने का हरसंभव प्रयास किया जाना होगा। फार्मा सेक्टर से संबंधित पीएलआई योजना से दवाई उत्पादन बढ़ाने पर और अधिक ध्यान केंद्रित करना होगा। सस्ती दरों पर जेनेरिक दवाओं के निर्माण तथा कच्चे माल की उपलब्धता में सुधार करने हेतु देश के विभिन्न राज्यों में फॉर्मा सेक्टर से संबंधित कच्चे माल की विनिर्माण इकाइयों तथा इनक्यूबेटर सेंटरों की स्थापना के लिए सरकार के द्वारा अधिक समर्थन दिया जाना होगा। सरकार के द्वारा फॉर्मा सेक्टर से संबंधित बुनियादी ढांचा को मजबूत बनाया जाना होगा। भारत में पेटेंटेड ड्रग मैन्युफेक्चरिंग के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ाना होगा। निवेश के लिए इंटरनेशनल पार्टनर्स तलाशने होंगे। वैश्विक सप्लाई चेन मजबूत बनाने की रणनीति बनानी होगी। डिजिटल एक्सपर्टाइज को समन्वित रूप से काम करना होगा। जिस तरह वर्ष 2022 में गम्बिया, उज्बेकिस्तान में भारतीय फॉर्मा कंपनियां सवालों के घेरे में आई, वैसी स्थिति भविष्य में न बने, इसका हरसंभव ध्यान रखना होगा।

हम उम्मीद करें कि भारत का दवा सेक्टर जो वर्तमान में 50 अरब डॉलर से अधिक मूल्य का है, वह 2030 तक करीब 130 अरब डॉलर और 2047 तक करीब 450 अरब डॉलर की ऊंचाई पर दिखाई दे सकेगा। हम उम्मीद करें कि भारतीय दवाइयां और वैक्सीन देश ही नहीं, दुनियाभर में और अधिक मानव स्वास्थ्य की देखभाल तथा और अधिक मानव कल्याण में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

अध्ययन
डॉ. मोनिका शर्मा



# मां के दूध में कीटनाशक

मां का दूध बच्चों के लिए अमृत माना जाता है। बच्चे का पहला आहार, जो पोषक तत्वों और शुद्धता के मामले में कुदरत की अनमोल सौगात एक समान है। अफसोस कि कीटनाशकों के बढ़ते इस्तेमाल और मिलावटी खानपान के चलते ना केवल माँ के दूध में मौजूद पोषक तत्वों में कमी आई है बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर भी जोखिम बढ़ गए हैं। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ का ताज़ा अध्ययन इस मोर्चे पर चिंतित करने वाला है।अध्ययन में मां के दूध में कीटनाशक पाए जाने का दावा किया है। साथ ही यह भी सामने आया है कि शाकाहारी महिलाओं की तुलना में मांसाहारी महिलाओं के दूध में 3.5 गुना अधिक कीटनाशक पाए गए। 130 महिलाओं पर किए गए इस अध्ययन की शुरुआत असल में प्रसव के लिए आई महिला के कॉर्ड ब्लड में कीटनाशक का स्तर ज्यादा पाए जाने के बाद हुई। ऐसे में नमूने एकत्रित कर यह जानने का कोशिश की गई कि क्या कीटनाशक माँ के दूध में भी मौजूद हैं? अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि नवजातों को बहुत सी स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने वाले मां के दूध में मौजूद रसायन और कीटनाशक उनके स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालते हैं। विडम्बना ही है कि एक ओर बिगड़ती आबोहवा और जहरीले होते खानपान के चलते मां के गर्भ में पलते बच्चों का विकास भी प्रभावित हो रहा है तो दूसरी ओर मां का दूध भी रसायनों की मिलावटी हो गई है। गर्भावस्था के दौरान मां द्वारा दूषित हवा में सांस लेने और मिलावटी चीजों का सेवन करने से नई पीढ़ी दुनिया में आने से पहले ही कई व्याधियों का शिकार हो रही है। साथ ही प्रसव के बाद मां ने दूध में घुले कीटनाशक भी बड़ा सेहत के लिए खतरा बन रहे हैं। हालिया बरसों में अधिकतर फलों-सब्जियां और फसलों को कीटनाशकों और रसायनों की मदद से उगाया जा रहा है। इतना ही नहीं इंसानों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले विषाक्त रसायनों का इस्तेमाल खाद्य पदार्थों के भंडारण के लिए भी किया जाता है। फलों को पकाने से लेकर अनाज की बुआई तक, सीमा से ज्यादा कीटनाशकों के खामियाजे कमोबेश हर उम्र के लोगों के स्वास्थ्य पर दिख रहे हैं। हमारे यहां खाने-पीने की चीजों की शुद्धता लंबे समय से सवालों के घेरे में हैं। कहीं चिकन को जल्दी बड़ा करने के लिए तो कहीं मवेशियों का दूध बढ़ाने के लिए भी कई तरह के रसायन मिले सप्लीमेंट्स दिए जा रहे हैं। यही कीटनाशक पहले माताओं के भोजन में और फिर स्तनपान से बच्चों में भी पहुंच रहे हैं। मां के खान-पान और दूध के माध्यम से अजन्मे और नवजात बच्चों के शरीर में पहुंच रहे कीटनाशकों के असर बेहद चिंतित करने वाले हैं। गर्भावस्था के दौरान मां का शुद्ध और पोषक आहार बच्चे के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है तो खानपान की चीजों में मौजूद केमिकल्स अजन्मे बच्चे के विकास को प्रभावित करते हैं। इनमें भ्रूण के विकास को जोखिम होने साथ ही दिमागी विकास पर नकारात्मक असर, लिवर और पेट की बीमारी, हॉर्मोनल असंतुलन, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी तक का खतरा बढ़ जाता है। माँ के दूध के जरिए बच्चों के शरीर में पहुँचने वाले केमिकल्स के अनगिनत दुष्प्रभाव हैं।बच्चों को संक्रामक बीमारियों का आसान शिकार बना भी देते हैं। बच्चे की उम्र पांच-छह साल होने के बाद इनसे जुड़ी व्याधियों के लक्षण दिखने शुरू होते हैं। यह कटु सच है कि कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल आने पीढ़ियों को रुग्ण बना रहा है। बावजूद इसके आज हर चीज की शुद्धता पर सवाल उठ रहे हैं। कीटनाशकों के इस्तेमाल से लेकर मिलावट के खेल तक, भावी पीढ़ी को बीमारियों के जाल में फंसाने वाली गतिविधियों पर सख्ती जरूरी है। जरूरी है कि ऐसा करने वाले भी अपनी जिम्मेदारी समझें।

## सत्संग की महिमा



संकलित
दर्शन

एक बार देवर्षि नारद भगवान विष्णु के पास गए और प्रणाम करते हुए बोले, भगवान मुझे सत्संग की महिमा सुनाइए। भगवान मुस्कराते हुए बोले, नारद! तुम यहां से आगे जाओ, वहां इमली के पेड़ पर एक रंगीन प्राणी मिलेगा। वह सत्संग की महिमा जानता है, वही तुम्हें भी समझाएगा। नारद खुशी-खुशी इमली के पेड़ के पास गए और गिरगिट से बातें करने लगे। उन्होंने गिरगिट से सत्संग की महिमा के बारे में पूछा। सवाल सुनते ही वह गिरगिट पेड़ से नीचे गिर गया और प्राण छोड़ दिए। नारद जी लौट आए और भगवान को सारा वृत्तांत सुनाया। भगवान ने कहा, इस बार तुम नगर के उस धनवान के घर जाओ और वहां जो तोता पिंजरे में दिखेगा, उसी से सत्संग की महिमा पूछ लेना। नारद जी ने तोते से सत्संग कर महत्व पूछा। उसके भी प्राण पखेरू उड़ गए। इस बार भगवान ने कहा-तुम नगर के राजा के महल में जाओ और उसके नवजात पुत्र से अपना पूछो। नारद जी राजमहल में आए। नारद जी ने राजपुत्र से सत्संग की महिमा के बारे में प्रश्न किया तो वह नवजात शिशु हंस पड़ा और बोला-महराज! अमृत को अपने माधुर्य का पता नहीं होता। ऐसे ही आप अपनी महिमा नहीं जानते, इसलिए मुझसे पूछ रहे हैं। बालक बोला, ऋषिवर, अब मुझे आशीर्वाद दें कि मैं मनुष्य जन्म के परम लक्ष्य को पा लूं। नारद जी ने आशीर्वाद दिया और भगवान के पास जाकर सब बताया। भगवान ने कहा, सचमुच, सत्संग की बड़ी महिमा है।

## अपने रूप, रंग या गुण पर घमंड ना करें



संकलित
प्रेरणा

एक समय की बात है एक बार दांत और जीभ में भयंकर युद्ध छिड़ गया। दांत ने जीभ से कहा-अरे! तुम सिर्फ मांस के लोथड़े हो। तुममें तो कोई भी खूबी नहीं है। न ही तुम्हारा कोई रूप है और न ही कोई रंग। हमारे सभी दांत को देख रहे हो कैसे मोतियों की भांति चमक रहे हैं। जीभ बेचारी ने कुछ भी नहीं कहा और वह चुप रही। दांत ने फिर जीभ से कहा- अरे, तुम चुप क्यों हो! हमसे डर रही हो क्या? हम हैं ही इतने सुंदर तुम हमसे जलोगी ही ना और हम हैं इतने मजबूत कि डर तो तुम्हें आएगी ही-जीभ,दांत की बातों को अनसुना करते हुए चुप रही। दिन बीतते गए, समय अपनी रफ्तार के साथ आगे बढ़ता गया और देखते ही देखते कई माह और वर्ष बीत गए। अब उम्र ढलने के साथ-साथ, धीरे-धीरे करके एक-एक दांत गिरते गए, लेकिन होना क्या था जीभ वहीं ज्यों की त्यों बनी रही। अब कुछ बचे हुए दांत जब गिरने को हुए, तब जीभ ने दांत से कहा-भैया बहुत दिन पहले आपने मुझसे कुछ कहा था। आज उन सबका उत्तर दे रही हूं। इंसान के मुंह में आप सब दांत मुझसे बहुत बाद में आए हैं। मै तो जन्म के साथ ही पैदा हुई हूं। अब आयु में भी तुम मुझसे छोटे हो, लेकिन छोटे होने के बावजूद एक-एक करके तुम सब मुझसे पहले विदा हो रहे हो! इसका कारण पता है? दांत ने जीभ से अब विनम्र भाव से बोला- दीदी अब तक तो नहीं समझते थे पर अब बात समझ में आ गई। तुम कोमल और मुलायम हो और हम कठोर हैं। कठोर होने का दंड ही हमें मिला है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### चंदे का विवरण दे सरकार

प बंगाल में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जितना दावा करती है, अगर उतनी ही ईमानदार है तो चुनावी चंदे से जुटाई गई धनराशि का खुलासा करे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत नौ विपक्षी नेताओं ने हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा था, जिसमें केंद्रीय एजेंसियों के "अत्यधिक दुरुपयोग" का आरोप लगाया था। अधिकारी ने उस पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कुछ महीनों में पश्चिम बंगाल में सामने आया भ्रष्टाचार यह साबित करता है कि पूरी टीएमसी कदाचार में डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि अगर वे केंद्रीय एजेंसियों के तथाकथित दुरुपयोग से परेशान हैं, तो इसके खिलाफ अदालत जा सकते हैं। अगर टीएमसी सबसे ईमानदार पार्टी होने का दावा करती है, तो उसे चुनावी चंदे का विवरण देना चाहिए।

## ट्रेंड

### पीएम के मैच देखा



क्रिकेट, भारत और ऑस्ट्रेलिया में एक जुनून! अपने अच्छे दोस्त, पीएम के साथ अहमदाबाद में आकर खुशी हुई। भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच के कुछ हिस्सों को देखने के लिए। मुझे यकीन है कि यह एक रोमांचक खेल होगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सहमत नहीं



मैं महासचिव एंटोनियो से अधिक सहमत नहीं हो सका कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उन सभी महिलाओं के साथ खड़े होने का आह्वान है जो मौलिक अधिकारों की मांग कर रही हैं जिसमें स्वास्थ्य के लिए अधिकार और देखभाल तक पहुंच शामिल है।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### आध्यात्मिक रहें



निर्बाध सफलता प्राप्ति के लिए ज्ञान, पुरुषार्थ और सटीक योजनाओं का सही समय पर क्रियान्वयन हो। उच्चतर लक्ष्यों की प्रति निमित्त जागरूकता, पुरुषार्थ और विवेक अपेक्षित है। अत: आध्यात्मिक रहें।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### सभी बाधाओं से मुकाबला




चाहे हम किसी भी संस्कृति, क्षेत्र, देश या युग के हों; महिलाओं ने हमेशा अपार शक्ति और अकथनीय धैर्य का प्रदर्शन किया है। यहां हर महिला के लिए है जिसने अपने सपनों को हासिल करने के लिए कलंक, आघात, दुर्व्यवहार और अन्य बाधाओं का मुकाबला किया है।

-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री




## करंट अफेयर

### रूस चाहता है चीन से सैन्य सहायता



फरवरी 2023 के अंत में बाइडेन प्रशासन द्वारा सार्वजनिक की गई जानकारी के अनुसार चीन रूस को हथियार, गोला-बारूद और ड्रोन भेजने पर विचार कर रहा है। चीन की सैन्य सहायता यूक्रेन में रूस के युद्ध का सीधे समर्थन करेगी। अमेरिकी नौसेना द्वारा एक चीनी गुब्बारे को मार गिराए जाने के एक महीने से भी कम समय के बाद यह सार्वजनिक खुलासा हुआ, जो कथित तौर पर जासूसी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था, जिसने अमेरिका और चीन के बीच मौजूदा तनाव को और बढ़ा दिया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब रूस यूक्रेन पर अपने युद्ध में जान और माल दोनों के नुकसान का सामना कर रहा है। इन असफलताओं ने रूस को मदद लेने के लिए प्रेरित किया है। रूस ने उत्तर कोरिया और पड़ोसी देश बेलारूस जैसे सहयोगियों से हथियार और अन्य सैन्य समर्थन हासिल करने की कोशिश की। रूस ने भारत और चीन जैसे तटस्थ देशों की ओर भी रुख किया है, जिन्हें वह अपना तेल और गैस बेच सकता है और अधिक पैसा ला सकता है। चीन ने सार्वजनिक रूप से रूस को सैन्य सहायता देने के निर्णय की घोषणा नहीं की है।

## ऑफ बीट

### दूर गगन के तारे की परिक्रमा करने वाले ग्रह में जीवन संभव



नासा ने हाल ही में टीओआई-700 नामक एक तारे के रहने योग्य क्षेत्र में पृथ्वी के आकार के एक ग्रह की खोज की घोषणा की। हम दो खगोलशास्त्री हैं जिन्होंने टीओआई-700ई नामक इस ग्रह की खोज का नेतृत्व किया। टीओआई-700ई पृथ्वी से सिर्फ 100 प्रकाश वर्ष दूर है। मनुष्यों के आने-जाने के लिए बहुत दूर लेकिन हम जानते हैं कि यह आकार में पृथ्वी के समान है, संरचना में इसके चट्टानी होने की संभावना है और संभावित रूप से जीवन का समर्थन कर सकता है। आपने शायद हाल के वर्षों में कई अन्य एक्सोप्लैनेट खोजों में से कुछ के बारे में सुना है। टीओआई-700ई सिर्फ टीओआई-700 स्टार सिस्टम में दो संभावित रहने योग्य ग्रहों में से एक है। रहने योग्य ग्रह वे होते हैं जो सतह के तापमान के लिए अपने तारे से ठीक दूरी पर होते हैं जो तरल पानी को बनाए रख सकते हैं। शोधकर्ता ऐसी प्रणालियों को खोजने और अध्ययन करने के अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो कुछ प्रमुख सवालों के जवाब दे सकें जैसे कि ग्रह कैसे बनते हैं, वे कैसे विकसित होते हैं, और क्या ब्रह्मांड में जीवन मौजूद हो सकता है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# अलवर ग्रामीण विधानसभा का सांसद महंत बालक नाथ योगी ने किया दौरा

## 50 लाख रू. की ग्रामीण पंचायतों के विकास कार्य के लिए घोषणा





गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर ।** केंद्रीय जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी ने बुधवार को ग्रामीण विधानसभा का दौरा किया। इस दौरान अलवर ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत घेघोली,देसूला, गूंदपुर,भजीट,केरवा जाट, सालपुर, खेड़ली सैय्यद, इत्यादि ग्रामीण पंचायतों में जनसुनवाई चौपाल आयोजित करते हुए उनके द्वारा केंद्रीय जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही विकास कार्यों के लिए सांसद निधि से 50 लाख रू. की घोषणा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के किसान वर्ग के लिए जो जनकल्याणकारी योजनाएं जारी की है उन के माध्यम से आज किसान ना केवल आत्मनिर्भर बन रहा है बल्कि वह सशक्त भारत के निर्माण में अपनी प्रमुख भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना जनधन खाता किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से गांव, गरीब , किसान, वंचित हर वर्ग को अभूतपूर्व लाभ मिला है। कांग्रेस राज में जहां राष्ट्र की छवि एक कमजोर और गरीब देश के रूप में जानी जाती थी वहीं आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व के शक्तिशाली देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करता हुआ दिख रहा है। आजादी के बाद से कांग्रेस शासनकाल में जनता को योजनाओं के नाम तो बहुत बताएं ,लेकिन उनका लाभ कभी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने नहीं दिया, जिसके कारण राष्ट्र का एक बड़ा वर्ग उपेक्षा और अन्याय का शिकार होते हुए विकास से बहुत दूर रहा, 2014 से प्रधानमंत्री के हाथों में राष्ट्र का नेतृत्व आने पर देश आज तीव्रता से विकास की ओर बढ़ रहा है आज हम याचक नहीं दाता के रूप में विश्व में पहचाने जाने लगे हैं। यह सब प्रधानमंत्री के "सबका साथ सबका विकास और सबका विकास' मंत्र के कारण ही संभव हो सका है। ग्रामीण दौरे से पूर्व अलवर सांसद द्वारा बहरोड (खोहरी) गांव में हत्याकांड के शिकार मृतक संजय उर्फ मुन्ना के घर पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले साढे 4 साल में जिस तरह की घटनाएं सामने आई है, उससे निश्चित रूप से अलवर सहित संपूर्ण प्रदेश में आतंक और भय का माहौल बन चुका है। वीरता और देशभक्ति के लिए प्रसिद्ध बहरोड़ राठ क्षेत्र आज कांग्रेस सरकार के राज में अपराधनगरी बन गया है। अन्याय, आतंक और कुशासन का प्रतीक कांग्रेस सरकार के द्वारा अपराधियों को संरक्षण करने की जो नीति अपनाई जा रही है वह संपूर्ण प्रदेश के लिए बड़ी घातक सिद्ध हुई है। अपराध रोकने में विफल कांग्रेस सरकार की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### राजियावास में मन्दिर निर्माण प्रारम्भ



गरीबों का सितारा

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम राजियावास में तेजाजी महाराज मन्दिर प्रांगण में विधि विधान से शनि महाराज के मंदिर की नींव के पत्थर रखकर कार्य का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद ब्यावर परियोजना के सहप्रमुख पृथ्वी सिंह भोजपुरा, प्रशासनिक प्रमुख सूरज प्रताप सिंह चौहान, जुंझार सिंह राजियावास, खिम सिंह, दुषयंत सिंह, भानु प्रताप सिंह, रवि सिंह, भरत सिंह, सुदर्शन सिंह, अक्षय सिंह, सन्नी बाबा, देवेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, गोपाल सिंह, बना सिंह, चन्द्र सिंह प्रभु सिंह, हनुमान सिंह अरविंद सिंह, अभिषेक चौहान सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### महिलाओं को सम्मानित किया गया




गरीबों का सितारा

**दांतारामगढ़।** इक ख्वाहिश एजुकेशन फाउंडेशन सीकर एवं श्री कल्याण सेवा संस्थान के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शिश्यू रानोली क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले महिलाओं का सम्मान किया गया फाउंडेशन की निर्देशक डॉ सुनीता चौधरी ने बताया कि समय की महत्वता समझते हुए महिलाओं को सशक्त बनना चाहिए और महिलाएं सशक्त बनेगी तो समाज भी सशक्त बनेगा जिससे हमारे सशक्त देश का निर्माण होगा। इस अवसर भाजपा प्रदेश मंत्री मधु कुमावत , जिला रोजगार अधिकारी राकेश चौधरी, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रिंसिपल भारतीय मिश्रा, पिंटू भारतीय, माखन कुमावत, रोशन बानो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना देवी, प्रियंका कुमावत, संजना कुमावत, पूजा शर्मा, रंभा सिंह सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

### एसडीएम मोहर सिंह मीणा ने जनसुनवाई में आए परिवादो के निस्तारण के दिए निर्देश



गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा/वरुण कामदार।** रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय के पंचायत समिति सभागार भवन में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा की अध्यक्षता मे गुरुवार को हुई। जनसुनवाई में 13 परिवाद आए। जिसमें रास्ते पर अतिक्रमण ,पेंशन सत्यापन, पीएम किसान, हरे पेड़ों की कटाई रुकवाने को लेकर परिवाद आए। उपखंड अधिकारी ने मोहर सिंह मीणा ने संबंधित अधिकारी को परिवादो के निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार अमितेश मीना, तहसीलदार कुलदीप, विकास अधिकारी प्रियंका मीणा, कृष्णा सैनी सहित सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में मौजूद रहे।

### योगी ई-मित्र सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन

#### सुभाष शर्मा एडवोकेट के द्वारा किया गया उद्घाटन



गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** रैणी उपखण्ड मुख्यालय के रैणी कस्बे मे मैन बस स्टैण्ड पर गुरुवार को ई मित्र सेवा केंद्र का उद्घाटन एडवोकेट सुभाष शर्मा के द्वारा किया गया। एडवोकेट सुभाष शर्मा व एडवोकेट जितेन्द्र योगी के द्वारा मिडिया को बताया कि रैणी बस स्टैण्ड पर कोई ई मित्र की दूकान नही थी जिससे आमजन को दूर जाकर अपना काम कराना पड़ता था लेकिन अब रैणी मैन बस स्टैण्ड पर भी ई मित्र दूकान खुल जाने से आमजन को दूर नही जाना पड़ेगा और योगी ई मित्र सेवा केंद्र पर ही अपना सारा काम करा सकेंगे। मिडिया को यह भी बताया गया कि योगी ई मित्र सेवा केंद्र पर उपखण्ड न्यायालय एवं सिविल मजिस्ट्रेट कोर्ट से सम्बन्धित कागजात भी उपलब्ध कराए जाएंगे इसके लिए भी आमजन को दूर नही जाना पडेगा। योगी ई मित्र रैणी-राजगढ रोड पर रैणी के मैन बस स्टैण्ड पर खुल गई जिससे आसपास के लोग खुश दिखाई दिए और उद्घाटन के दौरान आसपास के सभी लोगो को मिठाई खिलाकर मुह मिठा कराया तथा अतिथियो का साफा पहनाकर जोरदार स्वागत सम्मान किया। ई मित्र के शुभारंभ के अवसर पर सतीश योगी , विनोद सैनी , सुरेश योगी ( ठेकेदार ) , मुकेश मिस्त्री , सूर्य प्रकाश योगी , जितेन्द्र योगी , धोल्याराम जोगी, सुरेन्द्र सैनी , संजय सैनी , नरसी सैनी , पपल्या शर्मा , एडवोकेट सुभाष शर्मा , एडवोकेट जितेन्द्र योगी सहित सैकड़ो गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी एडवोकेट जितेन्द्र योगी के द्वारा दी गई है।




## आर्य समाज ब्यावर द्वारा भजन संध्या का आयोजन



गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** आर्य समाज द्वारा महर्षी दयानन्द सरस्वती 200 वी जन्म जयंती वर्ष पर आर्य समाज मंदिर में संगीतमय वैदिक भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंत्री - भूदेव आर्य ने बताया की भजन संध्या कार्यक्रम में होली के मधुर मधुर वैदिक भजन, फाल्गुन गीत गाए गए जय श्याम ग्रुप के गायक मनोज भाई ने संगीतमय चग धुन के साथ होली गीत -"चालो देखने ने .. बाईसा थारो बीरो नाचे है .... होली हे ....।" के साथ शुभारम्भ किया । फिर अभिमन्यु गहलोत ने होली और देश भक्ति गीत - " हां रे होली आई फाल्गुन री मस्ती छाई रे ......। रंग बिरंगी होली आई ... रंग बिरंगी मस्ती छाई रे .....ङ्क्ष्। ओ मेरा रंग दे बसंती चोला ....... माय रंग दे बसंती चोला.....।" मोनिका, विनीता, अदिति तोषनीवाल परिवार ने ग्रुप में - रंगों का फूलो का खुशियों का त्यौहार दिखाया होली ने .... बगियो को गुलजार बनाया होली ने ..... ।" मुन्नी देवी, रमा, राजकुमारी नवाल परिवार ने ग्रुप में - होली आई .....।" अथर्व तोषनीवाल एवम ग्रुप ने - आओ रे आओ रे भाई होली रो हे जोर ....।" आभा, मोनिका धुत परिवार ने ग्रुप में हे देव दयानन्द स्वामी .ङ्क्ष्. तेरे आगे झुखा जमाना....।" - व ड्रा. नीरजा उपाधाय्य ने - " रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने वही सृष्टि चला रहे हे.....।" राजेंद्र काबरा ने " होलिया में उड़े रे गुलाल .ङ्क्ष्. कयो रे मगेतर ने .......।" अभय देव आर्य ने होली पर बहुत सुंदर कविता सुनाई और भी सदस्यों ने अपनी सुरीली आवाज में होली के मस्त गीत गाए , सभी ने बहुत मस्ती ,उत्साह उमंग के साथ आनन्द लिया । वह एक - दूसरे के होली की शुभ कामनाएं व बधाई दी होली कार्यक्रम का संचालन - राजेन्द्र काबरा ने किया ।होली समारोह में प्रधान - ओमप्रकाश नवाल, मंत्री - भूदेव आर्य, विष्णुदेव, हरिदेव,सुखदेव आर्य, महेश गुप्ता, रामेश्वर भूतड़ा, रूद्रदेव झवर, सुभाष नवाल, सीताराम चौहान, वैभव तोषनीवाल, राजेंद्र काबरा, विजय काबरा, ड्रा लालचद हेड़ा , अभय आर्य, वैभव तोषनीवाल, संजय बाहेती, इंद्रदेव आर्य ,ड्रा सुलक्ष्मी तोषनीवाल, मुन्नीदेवी नवाल ,तारा धुत, कुसुम मालू , मोनिका तोषनीवाल , सुशीला काबरा , मुन्नी देवी,रीमा नवाल ,अंजली शर्मा, कैलाश ,श्रीकांता , राकेश भूतड़ा , सूर्यकांत चौधरी , कपिल, लोकेश, रवि नुकुल धुत , महेंद्र भूतड़ा, रोशन पहलवान, संजय अरोड़ा, भागचंद बाहेती, भागचंद मूंदड़ा,कमल काकाणी, आर्य बंधु व आर्य व्यायाम शाला के पहलवान उपस्थित हुवे ।

## दो दिन पहले युवक की गोली मारकर हुई थी हत्या, आरोपी पुलिस की कपड़ से दूर



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के खोहरी ग्राम में होली के दिन मंगलवार रात्रि को संजय यादव उर्फ मून्ना खोहरी को मन्दिर प्रांगण में गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस दो दिन बाद भी अपराधियों की पकड़ से दूर है। भिवाडी एसपी अनिल बेनीवाल का कहना है कि पुलिस आरोपियों की पकड़ में लगी हुई है। जल्द घटना में सम्लित आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे। घटना के बाद मृतक के परिजनों को सांत्वना देने के लिए सांसद महंत बालक नाथ योगी पहुँचे। जहां उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि कांग्रेस सरकार में राजस्थान में क्राइम दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। ऐसे में अलवर के बहरोड़ में क्राइम सबसे अधिक है। अपराधियों को संरक्षण सरकार से मिल रहा है। इसलिए उनको किसी प्रकार की सजा का भय नहीं है। मैं मानता हूं कि पुलिस इन अपराधियों को दो-चार दिन में पकड़ ही लेगी। लेकिन हमारे संविधान में जिस प्रकार फांसी का प्रावधान होता है। लेकिन हमारे यहां पर चोर सिपाही जैसा खेल चल रहा है। मैं कहना चाहूंगा पुलिस को की पुलिस घटना के संबंध में समस्त साक्ष्य को अदालत में कोर्ट के सामने मजबूती से पेश करें। ताकि आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। घटना से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। लोग भयभीत हैं अपने आपको सुरक्षित नहीं मान रहे हैं। आए दिन घटित हो रही घटनाओं से पुलिस सुरक्षा पर विश्वास नहीं रहा। वहीं जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर व प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि अपराधियों में पुलिस के प्रति भय खत्म हो चुका है। जब तक अवैध हथियारों का आवागमन क्षेत्र में बंद नहीं होता तब तक यहां क्राइम खत्म नहीं होगा।



## नवीन जनजाति बालिका आश्रम का उपखंड अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

गरीबो का सितारा

**रामगढ़ पचवारा, वरुण कामदार।** रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय गुरुवार को नवीन जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास रामनगर बीदरखा में शाम 5:00 बजे उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्डन छात्रावास में उपस्थित मिली ।और साफ-सफाई दुरुस्त मिली। रसोई घर का भी निरीक्षण किया गया। रसोई में स्वच्छ पाई गई। छात्रावास में उपस्थित बालिकाओं से खाने पीने रहने के लिए पूछा गया तो सभी ने कहा कि छात्रावास में सब सही है। और पर्याप्त मात्रा में भोजन सामग्री मिलती है निरीक्षण के दौरान कृष्ण कुमार सैनी वरिष्ठ सहायक उपखंड कार्यालय रामगढ़ पचवारा वाहन चालक ओम प्रकाश सैनी मौजूद रहे।



## राज्य मंत्री गुर्जर व विधायक त्रिवेदी ने फीता काट कर किया तीन दिवसीय सांवरिया हनुमान मंदिर के पाटोत्सव मेला का उद्घाटन,गुर्जर ने मंन्दिर निर्माण में सहयोग करने की घोषणा

### मेला भरेगा, विशाल भजन संध्या, संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन होगा

गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा।** नेशनल हाईवे 758 कारोई स्थित श्री सांवरिया हनुमान मंदिर के पाटोत्सव महोत्सव में पधारे राजस्थान बीज निगम अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री तथा मेले उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरज जी गुर्जर व रायपुर सहाड़ा विधायिका गायत्री देवी त्रिवेदी द्वारा फीता काटकर पाटोउत्सव व भव्य मेले का उद्घाटन किया गया। सांवरिया हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी जी महाराज और निम्बार्क आश्रम महंत मोहन सरण जी शास्त्री,बनवारी शरण जी काठियावाड़ बाबा,लालबाबा,मंहत रामदास,संतदास महाराज सानिध्य में सभी संत महंतो द्वारा राज्यमंत्री धीरज जी गुर्जर व विधायिका गायत्री देवी को माला व दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मेला कमेटी व ग्रामवासियों द्वारा मंदिर निर्माण की स्वीकृति के लिए अतिथियों से निवेदन किया जिससे धीरज जी गुर्जर द्वारा तुरंत ही जिला कलेक्टर को फोन कर मंदिर निर्माण के लिए जमीन आवंटन के लिए कार्यवाही करने को कहा तथा विधायिका महोदया गायत्री देवी त्रिवेदी द्वारा इस चारागाह जमीन को मंदिर के लिए रूपांतरण करने को क्षेत्रीय अधिकारियों से अनुमोदन भिजवाने के निर्देश दिया। विशाल भजन संध्या, संगीतमय सुन्दर कांड, अन्य मनोरंजन कार्यक्रम होगें मेले में चकरी, डोलर, स्टाले लगाई जाएगी इसी के साथ धीरज जी गुर्जर द्वारा ग्रामवासियों की आशा को विश्वास में बदलने के लिए मंदिर निर्माण के लिए 1,11,111 रुपए की राशि की भी घोषणा की गई जिससे मंदिर निर्माण जल्दी ही सुचारू किया जाए। इस कार्यक्रम में पधारे कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिदेवी एवं पीसीसी सदस्य रणदीप त्रिवेदी, जयदीप त्रिवेदी, पूर्व भीलवाड़ा नगर परिषद अध्यक्षा मधु जाजू, गाडरमाला सरपंच, बद्रीलाल जाट, गुरला सरपंच श्रवण गुर्जर, सांगवा सरपंच उदय लाल गाडरी, गणेशपुरा सरपंच रतन लाल गुर्जर, नंदशा सरपंच किशन लाल जाट , आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह, कोचरिया पूर्व सरपंच शंकर कुमावत व पधारे हुए सभी जन प्रतिनिधियों का मेला कमेटी व ग्राम वासियों द्वारा उपरना पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन चंदन समदानी, भोजराज शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मेला कमेटी अध्यक्ष नटराज सिंह , उपाध्यक्ष नंदकिशोर कुमावत, व्यवस्थापक विकास त्रिपाठी, पंडित ओम प्रकाश व्यास, बंशी लाल मानमियां, रामचंद्र सुवालका,प्रभु कुमावत, जमना लाल तेली, शिव प्रसाद समदानी,सुरेश इनानी, सत्यनारायण बहेडिया, जमना लाल कुमावत, मनोहर सोनी, खेमराज कुमावत, हरलाल कुमावत, शंकर कुमावत, नारायण लुहार,जगदीश माली,चंदन समदानी, गहरी लाल गाडरी,रतन खटीक,चंपा लाल बैरवा, कालू लाल बैरवा, रामचंद्र बैरवा,जितेंद्र सुवालका,सुमित खोईवाल, प्रवीण तिवारी, हरलाल कुमावत, वासुदेव सुखवाल,महिपाल सिंह,शंकर योगी, शुभम सोमानी व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# निशा साइंस फाउंडेशन में प्रतिभा सम्मान समारोह व वार्षिकोत्सव कारवां 2023 बड़े धूमधाम मनाया





गरीबों का सितारा

**जयपुर (विनोद धायल)।** किशनगढ़ रेनवाल शहर में स्थित निशा साइंस फाउंडेशन में प्रतिभा सम्मान समारोह व वार्षिकोत्सव कारवां 2023 बड़े धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे इसी संस्था से पढ़े सेशन 2022 के विद्यार्थी जो नीट 2022 में एमबीबीएस में चयनित हुए बद्री प्रसाद मुंड ,हिमांशु चौधरी ,हिमांशु शर्मा ,प्रियंका मूड, अजय टोडावत रहे इससे संस्था के पूर्व छात्र छात्रों को मुख्य अतिथि विशेष अतिथि के रूप में देखकर काफी उत्सुकता व शिक्षा दायक रहा एमबीबीएस चयनित सभी 8 छात्रों 150 से अधिक जेट, आईसीएआर ,के विद्यार्थियों को स्मार्ट वॉच ,सम्मान चिन्ह, माला पहनाकर ,साफा बांधकर सम्मान किया गया ,संस्था में 2022 में 5 विद्यार्थियों ने साइंस में 95 से अधिक व 36 बच्चों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त कर इंस्पायर अवार्ड प्राप्त किया किशनगढ़ रेनवाल क्षेत्र में नीट आईआईटी जेट , आईसीएआर के लिए संस्था पहली पसंद है इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी अध्यापक व अभिभावक उपस्थित रहे , निदेशक सर बी. आर. टोडावत ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नीट आईआईटी सी यू ई टी व कृषि क्षेत्र में 12वीं के साथ अधिकतम चयन करवाना है जिसके लिए संस्था वर्ष दर वर्ष कार्यत है।









विद्यार्थियों को स्मार्ट वॉच व सम्मान चिन्ह, माला पहनाकर ,साफा बांधकर दिया सम्मान

## विद्यालय को भामाशाह द्वारा प्रिंटर व कुर्सियां भेंट

गरीबों का सितारा

**पचार।(विनोद धायल)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुम्भा की तलाई पचार में गुरुवार को भामाशाह गोधाराम निठारवाल ने प्रिंटर भेंट किया। इससे पूर्व में भामाशाह बद्रीराम मुकेश कुमावत तथा नाथूराम सुरेश बेडवाल द्वारा पांच पांच कुर्सियां प्रदान की गई एवं राजेंद्र बगड़िया और श्रवण कुलड़िया द्वारा कक्षा कक्षों की खिड़कियों और विद्यालय के मुख्य द्वार की मरम्मत कराई गई। कार्यवाहक प्रधानाध्यापक राजेंद्र सरोज ने बताया कि गणतंत्र दिवस और विद्यालय के वार्षिक उत्सव के दौरान उक्त भामाशाहों को संस्थाप्रधान ममता ढक्करवाल ने निवेदन किया था। सरोज ने बताया कि भामशाहों ने आज तक अपनी सभी घोषणाओ को पूरा कर दिया है इसके लिए विद्यालय परिवार की और से उन्हें कोटि कोटि धन्यवाद देकर भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपील की गई । इस अवसर पर शिक्षक सीताराम कुमावत,नरेंद्रपाल सिंह धायल,भगवान सहाय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भंवरी देवी और ग्रामवासी रतन लाल लांबा सहित विद्यालय के सम्पूर्ण एवं छात्र छात्राओं मौजूद रहे।





## वूमेन पावर आर्चरी एकेडमी की शुरूआत जल्द

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** राजस्थान सरकार व दानदाताओं के द्वारा लगातार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है इसी कड़ी को और आगे बढ़ाते हुए आज एकलव्य तीरंदाजी एकेडमी बीकानेर में बालिका को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए बैठक रखी गई, एकेडमी के अध्यक्ष अनिल जोशी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बालिका शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बालिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए कैसे काम किया जाए इस पर विचार किया गया एकेडमी के अध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि राजस्थान सरकार व कई दानदाताओं के द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर काम किया जा रहा है और भारत सरकार के द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा बालिकाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से काम किया जा रहा है हालांकि प्रदेश में अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं जोशी ने बताया कि राजस्थान में बालिकाओं के लिए ऐसा कोई प्लेटफार्म नहीं इसी के लिए आज बैठक में निर्णय किया गया कि राजस्थान की पहली निजी तीरंदाजी एकेडमी के तौर पर वूमेन पावर आर्चरी एकेडमी का गठन किया गया। जोशी ने कहा कि इस एकेडमी में सिर्फ बालिकाओं को ही प्रवेश दिया जाएगा और फरवरी माह के बाद में प्रवेश प्रक्रिया जल्द शुरू होगी इस अवसर पर उन्होंने बताया कि स्कूल व महाविद्यालय की छात्राओं को फिजिकल फिटनेस के साथ-साथ तीरंदाजी खेल से जोड़ा जाएगा क्योंकि राजस्थान सरकार द्वारा खेलों में लगातार प्रोत्साहन के लिए खिलाड़ियों को कई योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है खिलाड़ियों के लिए राज्य सरकार द्वारा कई फ्लेक्सी योजनाएं संचालित की जा रही है। बैठक में मार्कंडेय पुरोहित पूजा आचार्य हर्षित स्वामी हिमांशु हर्ष योगिता आचार्य मान्यता सुथार सहित तीरंदाजी खेल से जुड़े पदाधिकारी व खिलाड़ी मौजूद रहे।



प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये विकास के मुद्दों पर कही दो टूक बात

पूर्व विधायक सैनी ने किया पत्रकार वार्ता व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

# विकास के मुद्दों पर करवाए हमारी भाजपा से डिबेट : पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी

गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर )।** शहर के सामोद रोड स्थित एक निजी गार्डन में गुरुवार को पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के नेतृत्व में पत्रकार वार्ता एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ ' जिसमें पत्रकारों से प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये रूबरू होते हुए पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने चौमूं विधानसभा में कांग्रेस पार्टी द्वारा करवाये विकास कार्यों को रखा ' साथ ही उन्होंने कहा कि चौमूं विधानसभा में विकास कार्यो के नाम पर भाजपा झूठी वाहवाही लूटने का काम तो कर रही है मगर कोई उनसे पूछे कि विकास के नाम पर भाजपा ने चौमूं क्षेत्र में क्या क्या विकास किया ? साथ ही उन्होंने कहा कि चौमूं मे भाजपा सिर्फ आम जनता को गुमराह कर कांग्रेस द्वारा करवाये गए विकास कार्यों के फीते काटकर वाहवाही लूटने का काम कर रही है ' पूर्व विधायक ने पत्रकारों से कहा कि भाजपा ने अगर चौमूं विधानसभा में विकास कार्य करवाये है तो आप लोग विकास के मुद्दों पर आप हमारी उनसे डिबेट करवाये ' हम भाजपा से डिबेट करने के लिए तैयार है ' जब राज्य में कांग्रेस सरकार है तो उन्होंने कैसे और किस तरह विकास के कार्य सैंक्शन करवाएं ' उन्होंने विकास के कार्य क्या वसुंधरा राजे के पूर्व कार्यकाल में सैंक्शन करवा कर लाये थे

**पूर्व विधायक ने विकास के निम्न कार्यो पर लगाई कॉग्रेस की मोहर**

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये अपने पिछले कार्यकाल में कॉग्रेस द्वारा करवाये गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि पिछले कार्यकाल में मैंने चौमूं में महिला कॉलेज खुलवाने, चौमूं में स्टेडियम के लिए निःशुल्क भूमि आवंटित करवा कर चारदीवारी का निर्माण करवाने, चौमूं बायपास और चार लेन का निर्माण कार्य करवाने, चौमूं - जयपुर लो फ्लोर बसें चालू करवाने, डीटीओ कार्यालय खुलवाने , कालाडेरा और सामोद में नई सीएचसी खुलवाने , किशनपुरा, ढोढसर चीथवाड़ी और मंडा भिंडा में नई पीएचसी खुलवाने , चौमूं सीएचसी में 30 बेड से 75 बेड करवाने , सीएचसी चौमूं और गोविंदगढ़ में नए वार्डों का निर्माण करवाने , चौमूं कालाडेरा रोड पर अंडरपास बनवाने के साथ साथ हाड़ोता महला स्टेट हाईवे स्वीकृत करवाने जैसे कार्य कारवाये ' उन्होंने आगे बताया कि अभी हाल ही मैंने गोविंदगढ़ में महिला कॉलेज खुलवाने, चौमूं नगरपालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत करवाने , महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खुलवाने के साथ साथ गांवों में सड़के डलवाने जैसे कार्यों को अंजाम दिया है ' वही आने वाले दिनों में आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री जी से मिलकर मेट्रो रेल, बीसलपुर का पानी, वीर हनुमानजी रोप की मांग को भी पुरा करवाने का प्रयास करेंगे।



**विकास कार्यो के नाम पर लड़ेंगे 2023 का विधानसभा चुनाव**

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव वें विकास कार्यों के नाम पर ही लडेंगे उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा आमजन के हितार्थ चलाई गई चिरंजीवी योजना, घर-घर औषधि योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, इंदिरा रसोई योजना, पालनहार योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना ,राजस्थान कृषि प्रसंस्करण कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन योजना ,मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना ,मुख्यमंत्री युवा संबल योजना, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट योजना, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, उड़ान योजना सहित अनेक योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि ऐसी योजनाएं हैं जिनसे हमारी सरकार 2023 में फिर से रिपीट होगी साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी 2023 का चुनाव इन्ही विकास के मुद्दों के जरिये एक बार फिर से सत्ता में काबिज होगी।

**1 वर्ष में 55 करोड़ के विकास कार्य करवाएंगे : चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी**

चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने कहा कि नगरपालिका के कांग्रेस बोर्ड के 2 वर्ष के कार्यकाल में ही 55 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवा दिए गए हैं ' 1 अप्रैल से चौमूं नगरपालिका नगर परिषद में क्रमोन्नत हो जाएगी जिसके बाद आगामी 1 साल में 55 करोड रुपए के विकास कार्य संपन्न करवाए जाएगे' साथ ही उन्होंने कहा की चौमूं के विकास में कहीं भी बजट की कमी नहीं आने देंगे' प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओबीसी प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष गिरिराज देवंदा, एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत जोशी भी मौजूद रहे।

## सबला कुटुंब का महिला उत्थान की ओर बढ़ता कदम



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सबला कुटुंब जो कार्य कर रहा है, वो वास्तव में अनुकरणीय है। इससे महिलाओं को सम्बल मिला है,बल्कि आर्थिक रूप से महिला अपने परिवार को मजबूत कर रही है। ये उद्गार महिला दिवस पर सबला कुटुंब के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि कथक नृत्यांगना वीणा जोशी ने कहे। उन्होंने कहा कि वीणा आचार्य की अगुवाई में लघु व कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के लिये सबला कुटुंब ने एक प्लेटफॉर्म प्रदान किया है। जिसमें ऑनलाइन व्यापार के जरिये महिला उद्यमियों को आर्थिक संबंलता मिली है। इस मौके पर संस्थापक वीणा आचार्य ने कहा कि एक वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि एक वर्ष पहले शुरू किये इस सफर में हालांकि कुछ परेशानियों जरूर सामने आई। किन्तु टीम के सदस्यों ने जिस तरह हौसले से काम किया। उससे सबला कुटुंब को नई ऊं चाईयों मिली है। इस दौरान राजकुमारी व्यास,नीता आचार्य,सविता गौड़,रेखा पुरोहित,कुसुम भाटी,ज्योति शर्मा,स्नेहा पुरोहित,डॉ प्रज्ञा पुरोहित,सुनीता हर्ष,विद्या आचार्य,अलका भोजक,मधु भाटी,चिन्टू बोड़ा,निधि पारीक,अरूणा व्यास,कौशल्या सुथार,चंदा आदि ने अपने अनुभव को शेयर किया। बाद में रंगारंग कार्यक्रम में सदस्यों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी।

## महिलाओं को निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए बैच का किया शुभारंभ

गरीबों का सितारा



**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के टीक्सा कंप्यूटर सेंटर में महिलाओं को निशुल्क आरएससीआईटी कोर्स का प्रशिक्षण देने के लिए पार्षद अमित कुमावत व एसके कॉलेज के पूर्व महासचिव नरेंद्र कुमावत के द्वारा फीता काटकर बैच का शुभारंभ किया गया। पार्षद अमित कुमावत ने बताया कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना इंदिरा शक्ति प्रशिक्षण व सहायता योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आरएससीआईटी कोर्स का शुभारंभ किया गया। कंप्यूटर सेंटर के संचालक सलीम मणियार व सलाहकार चंदन कुमावत ने बताया कि इंदिरा शक्ति प्रशिक्षण में सहायता योजना के अंतर्गत कस्बे की 34 महिलाओं को कंप्यूटर शिक्षा का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

## ब्राह्मण महापंचायत का उत्साह चरम पर घर घर दिए जा रहे पीले चावल





गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** ब्राह्मण समाज के संगठन विप्र सेना द्वारा 19 मार्च 2023 विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में आयोजित होने वाली ब्राह्मण महापंचायत के लिए उत्साह चरम पर है, इस सम्बंध में गौतम सेवा ट्रस्ट के कार्यकताओं द्वारा गंगाशहर ,भीनासर में पीले चावल बांटकर घर घर दिया न्योता है, व बैनर व चौपाल के माध्यम से प्रसार प्रचार किया जा रहा है। प्रदेश महामंत्री रविन्द्र जाजड़ा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो में नापासर, सींथल,देशनोक, बेलासर गावो में जनसम्पर्क किया गया।इसी क्रम में विप्र सेना के संभाग अध्यक्ष श्री हरि गोपाल उपाध्याय ने वीडियो सन्देश जारी कर-के सभी विप्र बंधुओं को जयपुर महापंचायत में पधारने का किया आह्वान है। महापंचायत के लिए प्रचार प्रसार और बीकानेर से जयपुर के लिए बसों में जाने के लिए गौतम सेवा ट्रस्ट के साथ संभाग अध्यक्ष व युवा जिलाध्यक्ष रविंद्र जाजड़ा ने की चर्चा बीकानेर जिला अध्यक्ष रविंद्र जाजड़ा के नेतृत्व में गौतम सेवा ट्रस्ट ने गंगाशहर से भीनासर में महापंचायत के बैनर लगाए। संभाग अध्यक्ष हरि गोपाल उपाध्याय ने सभी बीकानेर विप्र बंधुओं को होली की शुभकामनाएं दी और महापंचायत बैनर का किया लोकार्पण करते हुए अधिक से अधिक जयपुर चलने का आह्वान किया। गंगाशहर व भीनासर मैं जीएसटी ग्रुप से शिव दयाल बच्छ ,शिवराज पंचारिया, विजय माल्या, संदीप उपाध्याय, राजेंद्र जोशी ,मुकेश उपाध्याय,पूरी टीम के साथ शहरी क्षेत्र में पवन सारस्वत,राजेश आचार्य, नवनीत पुरोहित, राजन आचार्य ,मधुप शर्मा,महादेव शर्मा के नेतृत्व में जनसम्पर्क किया जा रहा है।

## श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने पर किया सम्मानित

**सीकर।** बाबा श्याम के लक्की मैले मे श्रद्धालुओं को श्री श्याम पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया ।इसके लिए संस्थान पदाधिकारी बजरंग सिंह को श्री श्याम सुमिरन मंडल मुंबई द्वारा सम्मानित किया गया। पदाधिकारी अशोक असावा ने बताया कि श्याम भक्तों के लिए मेडिकल कैंप के साथ ही खाने पीने की व्यवस्था की गई थी वहां सेवा स्थल पर पर्यावरण प्रेमी बजरंग सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ श्रद्धालुओं को कूपन देकर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया । पर्यावरण की इस अनूठी पहल के लिए पर्यावरण प्रेमी बजरंग सिंह को सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर सदस्य सूर्यकांत शर्मा,बाबूलाल शर्मा,दीपक अग्रवाल,सूरज अग्रवाल,रवि बाजोरिया, डॉ श्रवण शाहू व श्री दुबे आदि उपस्थित रहें तथा साथ ही पर्यावरण प्रेमी बजरंग सिंह द्वारा सभी सदस्यों को अपने घर पर किसी भी शुभ कार्य के आयोजन पर कम से कम एक छायादार पौधा बाबा श्याम के नाम से लगाने के लिए भी प्रेरित किया।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

रोचक / रजनी अरोड़ा

बच्चों, इस दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं, जहां प्रकृति के अनोखे चमत्कार देखे जा सकते हैं। इन्हें देखकर हर किसी की आंखें खुली की खुली रह जाती हैं। तुम्हें भी इनके बारे में पढ़कर यकीन नहीं आएगा लेकिन ये पूरी तरह सच हैं। यहां हम तुम्हें कुदरत के अनोखे कारनामे वाले ऐसे ही कुछ स्थलों के बारे में बता रहे हैं।

# प्रकृति के अद्भुत चमत्कार



## गशिंग वॉटर ट्री

**पेड़ हमें** ना सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं, आस-पास जरूरत से ज्यादा पानी को सोखते भी हैं। लेकिन क्या तुमने किसी ऐसे पेड़ के बारे में पढ़ा या सुना है, जिसके तने से नल की तरह पानी बाहर निकलता है? दक्षिण-पूर्वी यूरोप महाद्वीप में मोंटेनेग्रो देश के डिनोसा नामक गांव में लगभग सौ साल पुराना एक ऐसा मलबेरी का पेड़ मौजूद है, जिसके तने से भारी बरसात के बाद पानी बाहर निकलता दिखाई देता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि भारी बरसात से भूमिगत पानी का लेवल काफी ज्यादा बढ़ जाता है, इसी वजह से जमीन में पानी सोखने की क्षमता नहीं रहती। जिससे जमीन का पानी पेड़ की जड़ों से होते हुए खोखले तने में आ जाता है और नल या फव्वारे की तरह निकलने लगता है। *

## ग्रेट ब्ल्यू होल

**यह विशाल** नीले रंग का छेद मध्य अमेरिका के बेलीज देश के समुद्र तट के पास स्थित है। असल में यह एक गोलाकार गुफा है, जो समुद्र में बनी है। इसका डायमीटर 318 मीटर और गहराई



125 मीटर है। यह गुफा चूने पत्थर से बनी है, जिससे गुफा में समय-समय पर प्राकृतिक रूप से लंबी-लंबी चूना पत्थर की छोटी-बड़ी डंडियों का निर्माण होता रहता है। इसे स्टैलेक्टाइट्स फॉर्मेशन कहा जाता है। इसके अंदर विभिन्न समुद्रीय जलीय जीव, समुद्रीय पौधों की विभिन्न प्रजातियां भी पाई जाती हैं। ग्रेट ब्ल्यू होल, दुनिया की 5 बेस्ट स्कूबा डाइविंग स्पॉट्स में से एक है। यह अनोखा ब्ल्यू होल, यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों में से एक बेलीज बैरियर रीफ सिस्टम का हिस्सा है। *

## द मॉर्निंग ग्लोरी क्लॉउड्स



**ऑस्ट्रेलिया के** क्वींसलैंड राज्य की कारपेंट्रिया की खाड़ी के ऊपर विशेष प्रकार के बादलों का निर्माण होता है। ये बारिश करने वाले सामान्य बादल जैसे नहीं होते हैं। लंबे बेलनाकार आकृतियों में बनने वाले ये बादल 1,000 किलोमीटर तक लंबे और 2 किलोमीटर तक ऊंचे हो सकते हैं। ये बादल जमीन से केवल 100-200 मीटर की ऊंचाई पर बनते हैं। ये कभी-कभी एक धार में दिखते हैं, तो कभी दस धारों के समूह में बने दिखते हैं। कई वैज्ञानिकों का मानना है कि ये बादल समुद्र के उफान से बनते हैं, जिसमें पानी की बूंदें, समुद्र के ऊपर बादल के रूप में इकट्ठी हो जाती हैं। *

## क्लाइमेटिक इंसिडेंटः ब्लड-रेड रेन



**आमतौर पर** बारिश में रंगहीन पानी की बूंदें गिरती हैं। लेकिन कुछ साल पहले अपने ही देश के केरल राज्य के कुछ इलाकों में खून के जैसे लाल रंग की बारिश कई बार हुई। वर्ष 2001 से 2012 के बीच कई बार ऐसी बारिश अलग-अलग इलाकों में हुई। जब पहली बार ऐसी बारिश हुई तो लोग इसे अपशगुन या ईश्वर की नाराजगी मानकर डरने लगे। लेकिन फिर वैज्ञानिकों ने रिसर्च से साबित किया कि बारिश का लाल रंग, आस-पास के इलाकों में पाए जाने वाले शैवाल (सूक्ष्म जलीय पौधे) के लाल रंग के सूक्ष्म कणों की वजह से होता है। तब लोगों के मन का वहम दूर हो सका। *



## सेलिंग स्टोंस

**संयुक्त राज्य** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के पूर्व में डेथ वैली नामक एक रेगिस्तान है। यह रेगिस्तार उत्तरी अमेरिका महाद्वीप का सबसे शुष्क और गर्म क्षेत्र माना जाता है। लेकिन यह रेगिस्तान अपने उच्च तापमान के अलावा एक अन्य वजह से भी दुनिया भर में प्रसिद्ध है, वो वजह है यहां मौजूद अपने आप खिसकने वाले पत्थर। यहां पाए जाने वाले पत्थर अपने आप एक जगह से दूसरी जगह खिसकते रहते हैं। सबसे बड़ी बात है कि यह रेगिस्तानी क्षेत्र बिल्कुल सपाट है फिर भी यहां 300 किग्रा. से भी अधिक भारी-भरकम पत्थर खिसकते देखे गए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस क्षेत्र में हवा की गति और भौगोलिक बदलाव के कारण पत्थर खिसकते हैं। *

जानकारी / नयनतारा

# कब से शुरू हुई कपड़े की बुनाई



बच्चों, हम जो कपड़े पहनते हैं, वे बुने जाते हैं। कपड़ा बनाने के लिए धागों से बुनाई होती है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि सदियों से बुनने के इस तरीके में कोई विशेष परिवर्तन नहीं आया है। आधुनिक टेक्सटाइल मिलों में मशीनों से तेजी से वही काम होता है, जो इंसान पुराने समय में धीरे-धीरे अपने हाथों से करता था।



बच्चों, तुम्हारे मन में सवाल आ रहा होगा कि बुनाई की शुरुआत कब से हुई? अनुमान है कि तीस हजार साल पहले जब इंसान गुफाओं में रहा करते थे तो उसने बुनना सीखा होगा। पहले लोग पतली-पतली डंडियों और अन्य चीजों से टोकरियां बुना करते थे।

अब सवाल आता है कि फिर कपड़े बुनने का विचार कब विकसित हुआ? ऐसा माना जाता है कि असल में कपड़ा बुनना कुछ खास जगहों पर विकसित हुआ, इसके बाद पूरी दुनिया में फैला। सबसे प्राचीन बुने हुए कपड़ों का जो रिकॉर्ड मिलता है, वो लगभग 5,000 ईसा पूर्व मिस्त्र(इजिप्ट) में, केंद्रीय यूरोप में 2,500 ईसा पूर्व, 1,200 ईसा पूर्व में चीन और 1,500 ईसा पूर्व में दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के पेरू तट पर मिलता है।

बच्चों, बुनाई विभिन्न जगहों पर विकसित हुई। यह बुनाई उन चीजों से होती थी, जो वहां उपलब्ध होती थीं। ऊन का प्रयोग उस समय शुरू हुआ जब लगभग 1,600 ईसा पूर्व में भेड़ को पालना शुरू किया गया। कपास का सबसे पहले इस्तेमाल भारत में हुआ। फिर पूरे एशिया महाद्वीप में फैलते हुए आखिरकार यूरोप महाद्वीप में पहुंचा। सिल्क सबसे पहले चीन में बनी। आज अधिकतर बुनाई टेक्सटाइल मिलों में की जाती है, लेकिन कुछ कलाकार आज भी हाथों से कालीन और अन्य चीजें बुनते हैं। इस तरह धीरे-धीरे कपड़े की बुनाई आज अपने आधुनिक स्वरूप में है। अब कपड़े मशीनों से बुने जाते हैं। *

## बूझो तो जानें



1
जलकर भी आंसू नहीं बहाता,
रोशनी से है युगों का नाता।
तकनीक चाहे जितनी भी आए,
मेरा मुकाबला कोई न कर पाता।

2
ठहरती मैं कभी नहीं,
मुझमें बहता रहता पानी।
सागर में समाकर भी,
नहीं होती खत्म मेरी कहानी।

3
काली गाड़ी पर गोरी सवारी,
पेट भरने की है जिम्मेदारी।
इसके बिना नहीं चलता काम,
चाहे हो कोई खास या आम।

4
दो हाथ और चार हैं पैर,
कोई न समझे मुझे गैर।
सदा से रीत यही चली आई,
होती मेरे लिए लड़ाई।



- डॉ. अलका जैन 'आराधना'

उत्तर: 1-दीपक, 2-नदी, 3-रोटी, 4-कुर्सी

## जीके क्विज-44



1. हाल में सीपी राधाकृष्णन को किस राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया गया?
2. क्वालालांपुर किस देश की राजधानी है?
3. हाल में 'नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप' का महिला एकल खिताब किसने जीता?
4. हाल में भारतीय वायु सेना ने किस देश में 'शिशु मैत्री अभ्यास' में भाग लिया?
5. एशिया महाद्वीप की अब तक की सबसे लंबी साइकिल रेसिंग कहां से कहां तक हो रही है?
6. गंगा नदी किस सागर में गिरती है?
7. अपना भोजन बनाने के लिए पौधों की हरी पत्तियां किस गैस का यूज करती हैं?
8. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-44 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-43 का उत्तर :** 1-हरियाणा, 2-विग्नेश एनआर, 3-डोल जात्रा, 4-अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा पुरस्कार, 5-3 मार्च को, 6-रंग पंचमी, 7-होला मोहल्ला, 8-गोवा, 9-बरसाना, 10-सात

**जीके क्विज-43 का सही उत्तर देने वाले :** पूजा-दिल्ली, अनामिका-जबलपुर, अंजू-महेंद्रगढ़, मुकेश-महासमुंद, रितिका-रायपुर, पवन-रोहतक, हिमेश-रायगढ़, तुषार-बिलासपुर, कविता-कोरबा, जितेंद्र-झज्जर, लोकेश-धमतरी

## हंसगुल्ले

चिंटू को किताब में जापानी शब्द देखकर कुछ समझ नहीं आया।
**चिंटू-** पिंटू अच्छा हुआ कि मैं जापान में पैदा नहीं हुआ।
**पिंटू-**ऐसा क्यों?
**चिंटू-**अरे मुझे जापानी आती ही नहीं है ना।
**-मुकेश, रायपुर**



**सुरेश-**रमेश, अगर सरसों का साग दो दिन पुराना हो तो उसे क्या कहेंगे?
**रमेश-** मुझे नहीं पता। तुम ही बता दो।
**सुरेश-** परसों का साग।
**-अंकिता, भोपाल**

**गोलू-** गप्पा, पानी में रहने वाले चार जानवरों के नाम बताओ?
**गप्पा-** मछली...
**गोलू-** अन्य चार?
**गप्पा-** मछली के पापा, मम्मी, भाई और बहन।
**-पंकज, रोहतक**

कहानी / गोविंद शर्मा


# घोंसला

राजू कुछ दिनों के लिए अपने मम्मी-पापा के साथ घर से बाहर गया था। लौटा तो देखा, सीलिंग फैन पर चिड़िया ने अपना बड़ा-सा घोंसला बना रखा है। राजू ने सबसे यही कहा कि जब तक घोंसले में रखे अंडे से बच्चे निकल कर उड़ ना जाएं, तब तक हम घोंसले को ज्यों का त्यों बना रहने दें। गर्मी में पंखे का इस्तेमाल ना करें, गर्मी सहें। तीसरे दिन जोरों की आंधी आई फिर जो हुआ, बड़ा ही अजीबो-गरीब रहा।

राजू को मम्मी-पापा के साथ कुछ दिनों के लिए अपने शहर से बाहर जाना पड़ा। वे घर को अच्छी तरह से बंद करके गए थे। पता नहीं कैसे एक कमरे का रोशनदान खुला रह गया। जब तीनों घर वापस आए तो देखा, सारा घर सुरक्षित है। बस, रोशनदान खुला रह जाने से एक चिड़िया ने छत के पंखे पर घोंसला बना लिया है।

घोंसले का आकार देखकर पापा चौंककर बोले,'इतना बड़ा घोंसला! जरूर इसमें अंडे या बच्चे होंगे। पंखा चलेगा तो घोंसला जमीन पर गिर जाएगा। अंडे हुए तो फूट जाएंगे और बच्चे हुए तो उन्हें चोट लग जाएगी। इससे अच्छा है, मेज पर चढ़कर घोंसला उठाकर किसी और जगह रख देते हैं। वरना यह पंखा नहीं चला सकेंगे।'

राजू तुरंत चिंता से बोला,'नहीं...नहीं... पापा, मैंने सुना है घोंसला उठाकर दूसरी जगह रखना चिड़िया पसंद नहीं करती है। अंडे फूट सकते हैं या बच्चों को नुकसान हो सकता है। हम कुछ दिन पंखा नहीं चलाते हैं। बाहर बरामदे में बैठा करेंगे। वहां कितनी अच्छी हवा आती है।' 'अच्छा? पहले तो तुमने कभी उस हवा को अच्छा नहीं कहा? दोपहर में उस हवा में कभी नहीं बैठे। यहां कमरे में भी पंखे के ठीक नीचे सोने की जिद करते रहते हो। अब ?' पापा राजू की समझदारी से खुश होकर प्यार से बोले।



'पापा... कई बार बिजली होती नहीं है। कभी तो कई-कई घंटों तक नहीं होती है। तब हम बिजली वालों को बुरा-भला कहते रहते हैं, हाथ से पंखा झलते हैं। अब भी ऐसा ही करेंगे।' राजू बोला। 'वाह! कुसूर अपना और बुरा-भला कहेंगे बिजली वालों को?' पापा हंसते हुए बोले।

'नहीं पापा, बस इंतजार करेंगे घोंसले से बच्चों के उड़ जाने का।' राजू बोला।


राजू की जिद के आगे पापा मान गए। गर्मी के दिन थे। तीसरे दिन जोरों से आंधी आई। घर की छत पर टंगे कपड़े उड़ गए। कुछ सामान उलट-पुलट हो गया। रोशनदान अभी खुला छोड़ रखा था ताकि चिड़िया और उसके बच्चे वहां से बाहर निकल जाएं। उस खुले रोशनदान से हवा का तेज झोंका आया और घोंसला जमीन पर आ गिरा। मम्मी-पापा और राजू भागकर घोंसले के पास गए। सबने देखा, उसमें ना अंडे थे, ना बच्चे। चिड़िया भी नहीं थी। अब सबने राजू की तरफ देखा। जैसे कह रहे हों, 'तुम्हारी वजह से तीन दिन गर्मी में बैठे रहे, अब डांट की डोज लेने के लिए तैयार हो जाओ।'

पापा ने गिरे हुए घोंसले को देखा। डरे-सहमे खड़े राजू को देखा। फिर राजू के पास आए और उसकी पीठ थपथपाते हुए बोले, 'तुम्हारे दिल में पक्षियों के लिए प्यार है, दया के भाव हैं, यह बहुत ही अच्छी बात है। अब ये दो काम तुम्हें करने हैं। मेज पर चढ़कर पंखे को अच्छी तरह से साफ करो और उस खुले रोशनदान को भी बंद करो।'

उसके बाद मम्मी-पापा ने देखा कि आज जैसी फुर्ती राजू ने पहले कभी नहीं दिखाई थी। *

कविता

श्रवण कुमार



## हाथी मेरे साथ

चूहा बोला जंगल की
मुझे करा दो सैर,
हाथी बोला चढ़ो पीठ पे
पकड़ के मेरा पैर।
सूंड़ उठाए धम्मक-धम्मक
चलता जाए हाथी,
देख मौज में चूहे को
जलते उसके साथी।
मूंछ ऐंठता चूहा जैसे
ऐंठे कोई राजा,
बिल्ली आगे रस्ते में थी
बोली नीचे आजा।
चूहा बोला बिल्ली मौसी
मलते रहना हाथ,
आज यहां का मैं राजा हूं
हाथी मेरे साथ।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 5 अंतर हैं। पांच मिनट में सारे अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1-पीछे पेड़ों में एक पेड़ का तना गायब है। 2-आसमान में बड़े आकार वाले बादल की आकृति में अंतर है। 3-बच्चे के दांत नहीं दिख रहे हैं। 4-बच्चे के एक हाथ के पास कुछ घास की जगह पट्टी की रेखा नहीं है। 5-बच्चे के एक जूते का रंग काला नहीं दिख रहा है।

## फन एक्टिविटी / आशा शर्मा

बच्चों, यहां कुछ अधूरे मुहावरे/लोकोक्तियां लिखी हैं, जिसमें तुम्हें पशु-पक्षियों के नाम भरने हैं। जल्दी से रिक्त स्थानों को भरकर इन्हें पूरा करो..

1. अपना..............सीधा करना।
2. जंगल में............नाचा किसने देखा?
3. हाथों से..............उड़ना।
4. ............बांग नहीं देगा तो क्या सुबह नहीं होगी?
5. ............भगत होना।
6. .............चला...........की चाल, अपनी भी भूल गया।
7. उड़ती...........के पर गिनना।
8. दमड़ी की............नौ टका दलाली।
9. घर की............दाल बराबर।
10. होश...........होना।



उत्तर: 1-उल्लू, 2-मोर, 3-तोते, 4-मुर्गा, 5-बगुला, 6-कौआ, हंस, 7-चिड़िया, 8-बुढ़िया, 9-मुर्गी, 10-फाख्ता

## सही संख्या बताओ

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में रोबोट का एक झुंड दिख रहा है, जिसमें कुछ रोबोट दाईं यानी राइट और कुछ बाईं यानी लेफ्ट डायरेक्शन में खड़े हैं। तुम्हें फटाफट यह बताना है कि कितने रोबोट राइट और कितने रोबोट लेफ्ट डायरेक्शन में खड़े हैं?



उत्तर: राइट डायरेक्शन में खड़े रोबोट-17, लेफ्ट डायरेक्शन में खड़े रोबोट-12

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

■ दोनों ने अपने-अपने कप्तानों को कैप दी
■ अहमदाबाद में भारत-ऑस्ट्रेलिया का मैच



# मोदी, अल्बानीज ने टेस्ट मैच से पहले स्टेडियम का 'लैप ऑप ऑनर' लगाया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बानीज भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले बृहस्पतिवार सुबह अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पहुंचे और दोनों ने गोल्फ कार्ट (गोल्फ खिलाड़ियों को गोल्फ कोर्स ले जाने में इस्तेमाल होने वाला छोटा मोटर वाहन) में स्टेडियम का 'लैप ऑफ ऑनर' लगाया। मोदी और अल्बानीज ने अपने-अपने देश की क्रिकेट टीम के कप्तानों क्रमशः रोहित शर्मा और स्टीव स्मिथ को टेस्ट कैप सौंपी। टेस्ट मैच देखने के लिए



दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में पहुंचे हजारों क्रिकेट प्रेमियों ने गोल्फ कार्ट पर सवार मोदी और अल्बानीज का तालियां बजाकर स्वागत किया। मोदी और अल्बानीज ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की और जब भारत तथा ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगान बजाए गए तो

## राष्ट्रगान के समय टीम के साथ खड़े रहे

वे खिलाड़ियों के साथ खड़े थे। दोनों प्रधानमंत्रियों ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम के 'हॉल ऑफ फेम संग्रहालय' का भी दौरा किया। अल्बानीज बुधवार सुबह अहमदाबाद पहुंचे थे। उन्होंने शहर में आयोजित कुछ कार्यक्रमों में शिरकत की थी। वहीं, मोदी बुधवार देर रात अहमदाबाद पहुंचे थे। भारत चार टेस्ट की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने बृहस्पतिवार को यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

## खबर संक्षेप

### भारत ने इंडोनेशिया को 6-0 से हराया

**वियत ट्राई सिटी (वियतनाम)।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर्स के पहले दौर के ग्रुप एफ के मैच में गुरुवार को यहां इंडोनेशिया को 6-0 से करारी शिकस्त देकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। भारतीय टीम की यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले उसने सिंगापुर को 7-0 से हराया था। पिछले मैच की तरह भारतीय टीम ने शुरू से ही अपना दबदबा बनाकर रखा और विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया। मेमोल रॉकी की कोचिंग वाली भारतीय टीम ने दोनों हाफ में तीन तीन गोल किए। इस जीत से भारतीय टीम छह अंक के साथ ग्रुप में चोटी पर बनी हुई है।

### हैदराबाद-मोहन बागान ने गोलरहित ड्रा खेला

**हैदराबाद।** हैदराबाद एफसी और एटीके मोहन बागान ने गुरूवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सेमीफाइनल के पहले चरण में गोलरहित ड्रा खेला। दोनों टीमों ने काफी रक्षात्मक खेल दिखाया। हालांकि पहले हाफ में मेजबान टीम का दबदबा रहा। लेकिन अंत में दोनों में से कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दोनों टीमों के पास अब भी फाइनल में पहुंचने का मौका है क्योंकि दूसरे चरण के मैच में दोनों टीमें बराबरी पर होंगी। अब दोनों टीमें सोमवार को एक दूसरे से भिड़ेंगी।

### निश्ना भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 11वें और अवनी संयुक्त 21वें स्थान पर

**सिंगापुर।** निश्ना पटेल ने गुरूवार को यहां पांचवीं महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप के शुरूआती दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 11वें स्थान पर हैं जबकि अवनी प्रशांत संयुक्त 21वें स्थान पर चल रही हैं। निश्ना पटेल अपनी तीसरी एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप में हिस्सा ले रही हैं। वह शीर्ष पर चल रही कोरियाई किम मिनसोल से चार शॉट पीछे हैं। वहीं 16 साल की अवनी ने एक ओवर 73 का कार्ड खेला। भारतीय महिला गोल्फरों में अमेरिका में बसी अनीका वर्मा संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। मन्नत बरार संयुक्त 55वें, विधात्री उर्स संयुक्त 60वें और लावण्या जादोन संयुक्त 64वें स्थान पर हैं।

## टेस्ट मैच: ख्वाजा ने 251 गेंदों में 15 चौकों से नाबाद 104 रन बनाए

# ऑस्ट्रेलिया के चार विकेट पर 255 रन, उस्मान का शानदार शतक

भाषा ⏭ अहमदाबाद

सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के नाबाद शतक और उनकी तीन अर्धशतकीय साझेदारियों से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन गुरुवार को पहली पारी में चार विकेट पर 255 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। पारी का आगाज करने उतरे ख्वाजा ने 251 गेंद की अपनी पारी में 15 चौकों से नाबाद 104 रन बनाए और एक छोर संभालकर रखा।

उन्होंने ट्रेविस हेड (32) के साथ पहले विकेट के लिए 61, कप्तान स्टीव स्मिथ (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 79 और कैमरन ग्रीन (नाबाद 49, 64 गेंद, आठ चौके) के साथ पांचवें विकेट के लिए 85 रन की अटूट साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र में एक भी विकेट नहीं गंवाया जो पूरी श्रृंखला में पहला सत्र है जिसमें कोई विकेट नहीं गिरा। भारतीय गेंदबाजों को धीमी और सपाट पिच पर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को आउट करने में परेशानी का सामना करना



पड़ा। मेहमान टीम के बल्लेबाजों को रविचंद्रन अश्विन (57 रन पर एक विकेट), रविंद्र जडेजा (49 रन पर एक विकेट) और अक्षर पटेल (बिना विकेट के 14 रन) की तिकड़ी को खेलने में अधिक परेशानी नहीं हुई। मेजबान टीम के सबसे सफल गेंदबाज मोहम्मद शमी रहे जिन्होंने 65 रन देकर दो विकेट चटकाए। ऑस्ट्रेलिया ने दिन के खेल के दौरान 2.83 की रन गति से रन बनाए। टीम शुरुआती दो सत्र में 2.40 की रन गति से ही रन बना पाई थी जो दर्शाता है कि पिच पर रन बनाना आसान नहीं है। मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने हालांकि नई गेंद के खिलाफ दोनों मौकों पर आसानी से रन बटोरे। सुबह के सत्र में अश्विन और शमी ने एक-एक विकेट चटकाया जिससे ऑस्ट्रेलिया ने लंच तक दो विकेट पर 75 रन बनाए। ख्वाजा और हेड ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़कर मेहमान टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई।

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी- 255/4(90)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ट्रेविस का जडेजा बो अश्विन | 32 |
| उस्मान ख्वाजा नाबाद | 104 |
| मार्नस लाबुशेन बो शमी | 03 |
| स्टीव स्मिथ बो जडेजा | 38 |
| पीटर हैंड्सकॉम्ब बो शमी | 17 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 49 |

अतिरिक्त: 12
कुल: 90 ओवर में चार विकेट पर: 255 रन
विकेट पतन: 1-61, 2-73, 3-151, 4-170
गेंदबाजी: शमी 17-2-65-2, उमेश 15-2-58-0, अश्विन 25-8-57-1, जडेजा 20-2-49-1, अक्षर 12-4-14-0, अय्यर 1-0-2-0

## विश्व कप निराशा के बाद भारतीय टीम प्रो लीग में करेगी नई शुरूआत

भाषा ⏭ राउरकेला

भारतीय टीम शुक्रवार को जब यहां एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग मुकाबले में विश्व चैम्पियन जर्मनी के सामने होगी तो उसकी निगाहें नई शुरूआत करने पर लगी होंगी। स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय टीम जनवरी में हुए विश्व कप के अंतिम 16 से बाहर हो गयी थी। टूर्नामेंट में छह गोल से संयुक्त तीन शीर्ष स्कोरर में से एक भारतीय कप्तान ने कहा, ''इस चरण में प्रत्येक मैच हमारे लिये चुनौतीपूर्ण है, विशेषकर तब जब प्रतिद्वंद्वी टीमें आस्ट्रेलिया और जर्मनी हों।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि, यह हमारे लिए अच्छा है कि हमें इतने चुनौतीपूर्ण मैच खेलने को मिल रहे हैं क्योंकि हमारा ध्यान एशियाई खेलों पर लगा है। इसलिये हम सुनिश्चित करेंगे कि हम इस तरह के मैच खेलकर बतौर टीम सुधार करें और भविष्य में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।''विश्व कप में भारत ने सर्कल के अंदर कई बार सेंध लगायी लेकिन इनका इस्तेमाल नहीं कर पाया। उन्होंने कहा, ''बेंगलुरू में शिविर में हमने इसके बारे में बात की और इस पर काम किया।''ग्राहम रीड के टीम से अलग होने के बाद यह भारत का पहला मैच है। क्रेग फुल्टन को टीम का कोच नियुक्त किया गया लेकिन इस दक्षिण अफ्रीकी के मैचों के बाद टीम से जुड़ने की संभावना है।

## अदालत के गलियारे में नहीं होने चाहिए खिलाड़ी: उच्च न्यायालय

भाषा ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आगामी एशियाई खेलों के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने के मद्देनजर घुड़सवारों की चयन प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अदालत के गलियारे में नहीं बल्कि स्टेडियमों में होना चाहिए और जिनका उद्देश्य देश को गौरवान्वित करना है, उन्हें खेल महासंघों द्वारा मानसिक पीड़ा का शिकार नहीं बनाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति गौरांग कांत ने तीन घुड़सवारों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वह भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के प्रतिनिधियों में पेशेवर रवैये की दयनीय स्थिति से काफी दुखी थे और मौजूदा मामला ऐसा लगता है कि जिसमें एक संस्था अपनी पूरी ताकत कुछ व्यक्तिगत खिलाड़ियों को टूर्नामेंट से बाहर करने के लिये इस्तेमाल कर रही है। चिराग खंडाल, शशांक सिंह कटारिया और यश नेनसी की याचिका महासंघ द्वारा 19वें एशियाई खेलों के लिए चयन मानंदड में शुरू किये गये।

## 5 पहलवानों को एशियाई चैम्पियनशिप के ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति

**अनुज, चंदर मोहन, विजय, अंकित व सचिन को उनकी काबिलियत के आधार पर आंका जाए**

भाषा ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरूवार को पांच पहलवानों को आगामी 2023 एशियाई चैम्पियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा शुक्रवार से कराये जाने वाले ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने छुट्टी के दिन की गई विशेष सुनवाई में कहा कि याचिकाकर्ता पहलवान अनुज कुमार, चंदर मोहन, विजय, अंकित और सचिन मोर को इसमें हिस्सा लेने की अनुमति दी जाए और उनकी काबिलियत के आधार पर आंका जाए। उच्च न्यायालय ने कहा कि ट्रायल में भागीदारी का अर्थ यह नहीं होना चाहिए कि अदालत ने पहलवानों की योग्यता के आधार पर कोई राय बनाई है और इस पर चयन समिति का फैसला अंतिम होगा। न्यायमूर्ति ने कहा, ''इस स्थिति और तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि प्रतिभाशाली पहलवान होने के नाते याचिकाकर्ताओं को बाहर नहीं किया जाना चाहिए कि ट्रायल्स में इनसे अधिक प्रतिभा वाले पहलवान होंगे, इस अदालत की राय है कि याचिकाकर्ता को कल और परसो इनके संबंधित वर्ग में होने वाले ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी जाए।''

अदालत पांच पहलवानों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं और जिन्होंने नौ से 14 अप्रैल तक कजाखस्तान के अस्ताना में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के लिए डब्ल्यूएफआई द्वारा आयोजित ट्रायल्स से बहार किये जाने की शिकायत की है। याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व उनके वकील राहुल राठौड़ कर रहे हैं, जिन्होंने दावा किया कि डब्ल्यूएफआई द्वारा अपनाया जाने वाला मानंदड पूरी तरह से अनुचित और मनमाना है जिससे ट्रायल्स में उन पहलवानों को शामिल किया गया जो या तो उनसे कमतर हैं या फिर उनके बराबर हैं। याचिकाकर्ताओं ने अपील की थी कि उन्हें ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी जाए।

## बांग्लादेश ने पहले टी-20 मैच में इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

**चटगांव।** नजमुल हुसैन शंटो के अर्धशतक और कप्तान शाकिब अल हसन के ऑलराउंड खेल से बांग्लादेश ने गुरुवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 12 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से पराजित किया। बांग्लादेश के सामने 157 रन का लक्ष्य था और उसने 18 ओवर में चार विकेट पर 158 रन बनाकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। नजमुल हसन ने 30 गेंदों पर 51 रन की पारी खेली जिसमें आठ चौके शामिल हैं। शाकिब ने आठ चौकों की मदद से नाबाद 34 रन बनाए। उनके अलावा ताहिद हृदय ने 24 और रोनी तालुकदार ने 21 रन का योगदान दिया।

पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद इंग्लैंड ने छह विकेट पर 156 रन बनाए थे। उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। कप्तान जोस बटलर ने 42 गेंदों पर 67 रन बनाए जिसमें चार चौके और इतने ही छक्के शामिल हैं। सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट ने 38 और बेन डकेट ने 20 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश की तरफ से हसन महमूद ने 26 रन देकर दो जबकि शाकिब ने 26 रन देकर एक विकेट लिया।दूसरा मैच रविवार को मीरपुर में खेला जाएगा।

## एकता ने विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

**दुबई ग्रां प्री में चमके भारतीय पैरा एथलीट**

भाषा ⏭ नई दिल्ली

एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण पदक विजेता एकता भुयन ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया जबकि युवा भारतीय पैरा एथलेटिक्स टीम दुबई विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री से सात पदक जीतकर स्वदेश लौटी। भारतीय दल ने चार रजत और तीन कांस्य पदक जीते, जिसमें एकता का एशियाई रिकॉर्ड भी शामिल था। दल में ऐसे कई युवा एथलीट थे जो दुबई में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर रहे थे। इसमें सात विश्व रिकॉर्ड और 45 क्षेत्रीय रिकॉर्ड बने जिससे यह टूर्नामेंट काफी सफल रहा। पदक तालिका में भारत 28वें स्थान पर रहा जिसमें चीन 102 पदक से शीर्ष पर और यूक्रेन दूसरे स्थान पर रहा। एकता भुयन ने महिलाओं की व्हीलचेयर चक्का फेंक एफ53 स्पर्धा में पांचवें प्रयास में 6.35 मीटर दूर चक्का फेंककर कांस्य पदक जीता जिसका स्वर्ण पदक यूक्रेन की जोइया ओवसी (13.19 मीटर) ने हासिल किया। हिसार की 37 वर्षीय एकता ने महिलाओं की क्लब एफ51 स्पर्धा में नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया जबकि वह 17.20 मीटर के थ्रो से छठे स्थान पर रहीं। इसमें यूक्रेन की ओवसी ने 23.88 मीटर से पहला स्थान हासिल किया। क्लब थ्रो स्पर्धा में अपने प्रदर्शन के बूते एकता भुयन ने पेरिस में आठ से 17 जुलाई तक होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का टिकट कटाया। वहीं युवा मोहन हर्षा उयाला ने पुरूषों के 100 मीटर टी47 फाइनल में रजत पदक अपने नाम किया।

## अंकिता रैना और ब्रेंडा आईटीएफ महिला ओपन के क्वार्टरफाइनल में



भाषा ⏭ बेंगलुरू

भारत की अंकिता रैना और चेक गणराज्य की शीर्ष वरीय ब्रेंडा फ्रूहविरतोवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरूवार को यहां आईटीएफ महिला ओपन में एकल स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। चौथी वरीय अंकिता ने राउंड 16 मैच में पसीना बहाये बिना थाईलैंड की लनलाना तारारूदी को आसानी से 6-2, 6-1 से पराजित किया। वहीं 15 साल की ब्रेंडा ने तीन सेट की चुनौती से पार पाते हुए थाईलैंड की पिंगटार्ण प्लीपुएच को 6-4, 3-6, 6-2 से शिकस्त दी। वहीं गैर वरीयता प्राप्त भारतीय रूतुजा भोंसले ने भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने लातिविया की डायना मार्सिंकेविका को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। बाद में भोंसले ने युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने अपनी जोड़ीदार जैकलीन अवाद के साथ मिलकर तीसरी वरीयता प्राप्त साकी इमामुरा और चिया यिक साओ पर आसानी से 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। पर देश की एक अन्य खिलाड़ी जील देसाई को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त नुग्रोहो से 7-5 3-6 5-7 से हार का सामना करना पड़ा।

## डब्ल्यूपीएल: कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया

# मुंबई ने दिल्ली को शिकस्त देकर पूरी की जीत की हैट्रिक

भाषा ⏭ नवी मुंबई

बाएं हाथ की स्पिनर सैका इशाक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जबकि हेली मैथ्यूज ने फिर से अपनी ऑलराउंड क्षमता दिखाई जिससे मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 30 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इससे पहले अपने दोनों मैच जीतने वाली टीमों के मुकाबले में मुंबई अव्वल साबित हुआ। मुंबई ने पहले दिल्ली को 18 ओवर में 105 रन पर ढेर किया और फिर 15 ओवर में दो विकेट पर 109 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। मुंबई के गेंदबाजों ने शुरू से लेकर आखिर तक दिल्ली के बल्लेबाजों पर



दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से सैका इशाक (13 रन देकर तीन), मध्यम गति की गेंदबाज इसी वोंग (10 रन देकर तीन) और ऑफ स्पिनर हेली मैथ्यूज (19 रन देकर तीन) ने तीन-तीन विकेट लिये। दिल्ली की तरफ से केवल तीन बल्लेबाज मेग लैनिंग (41 गेंदों पर 43 रन, पांच चौके), जेमिमा रोड्रिग्स (18 गेंदों पर 25 रन, तीन चौके) और राधा यादव (10) ही दोहरे अंक में पहुंचे। मुंबई के लिए मैथ्यूज ने बल्लेबाजी में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा तथा 31 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 32 रन बनाए। उन्होंने यास्तिका भाटिया के साथ पहले विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की। यास्तिका ने शुरू में रन बनाने का जिम्मा उठाया। उन्होंने 32 गेंद पर 41 रन बनाए जिसमें आठ चौके शामिल हैं। यास्तिका और मैथ्यूज ने मुंबई का स्कोर पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 47 रन पर पहुंचा दिया था। तारा नॉरिस ने यास्तिका को पगबाधा आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। रॉड्रिग्स ने बेहतरीन कैच लेकर मैथ्यूज को पवेलियन भेजा जिसके बाद नैट साइवर ब्रंट (19 गेंदों पर नाबाद 23 रन, चार चौके) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (आठ गेंदों पर नाबाद 11 रन, दो चौके) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के लिए उतरी दिल्ली की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पावरप्ले के छह ओवरों में केवल 29 रन बनाए और इस बीच शेफाली वर्मा (दो) और एलिस कैप्सी (छह) के विकेट गंवाए। मारिजान काप (दो) भी आते ही पवेलियन लौट गई जिससे स्कोर तीन विकेट पर 31 रन हो गया। रोड्रिग्स ने नैट साइवर ब्रंट पर तीन चौके जड़कर स्कोर को कुछ गति प्रदान की जबकि लैनिंग ने एमिलिया केर की लगातार तीन गेंदों को चौके के लिए भेजा। इसके बाद दिल्ली ने नौ गेंद और तीन रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए।

**मुंबई- 109/2(15)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| भाटिया पगबाधा बो नौरिस | 41 |
| मैथ्यूज का रोड्रिग्स बो कैप्सी | 32 |
| नैट साइवर ब्रंट नाबाद | 23 |
| हरमनप्रीत नाबाद | 11 |

अतिरिक्त : 02
कुल : 15 ओवर में दो विकेट पर 109 रन
विकेट पतन : 1-65, 2-77
गेंदबाजी: मारिजाने काप 4-0-25-0, शिखा पांडे 3-0-28-0, जेस जोनासेन 3-0-25-0, राधा यादव 1-0-12-0, एलिस कैप्सी 3-0-14-1, तारा 1-0-4-1

**दिल्ली- 105/10(18)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मेग का हरमनप्रीत बो इशाके | 43 |
| शेफाली वर्मा बो इशाके | 02 |
| कैप्से का कलिता बो वस्त्राकर | 06 |
| मरिजाने काप बो वोंग | 02 |
| जेमिमा रोड्रिग्स बो इशाके | 25 |
| जेस का अमनजोत बो मैथ्यूज | 02 |
| भाटिया का मैथ्यूज बो वोंग | 04 |
| मिन्नू स्ट भाटिया बो मैथ्यूज | 00 |
| राधा यादव का काजी बो वोंग | 10 |
| शिखा पांडे नाबाद | 04 |
| तारा पगबाधा बो मैथ्यूज | 00 |

अतिरिक्त : 07
कुल : 18 ओवर में सभी आउट : 105 रन
विकेट पतन : 1-8, 2-24, 3-31, 4-81, 5-84, 6-84, 7-84, 8-98, 9-102
गेंदबाजी : नैट साइवर ब्रंट 3-0-22-0, सिका इशाक 3-0-13-3, इसी वोंग 4-0-10-3, पूजा वस्त्राकर 1-0-6-1, अमेलिया केर 3-0-29-0, हेली मैथ्यूज 4-0-19-3


स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com